दिनमान | तापमान
सूर्योदय 4.52 सूर्यास्त 6.15 | अधिकतम 34° न्यूनतम 27°

वर्ष 18, अंक 340 पृष्ठ 12
कोलकाता, गुरुवार, 28 मई 2026
ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष, द्वादशी, वि.सं. 2083

मूल्य: ₹3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com



### सीएम ने 'अन्नपूर्णा भंडार योजना' का किया औपचारिक ऐलान, 90 दिन तक चलेगी आवेदन प्रक्रिया

# लक्ष्मी भंडार योजना में 30 लाख फर्जी लाभार्थी : शुभेंदु अधिकारी

### ऑनलाइन और ऑफलाइन से भरा जा सकेगा फॉर्म ■ लक्ष्मी भंडार योजना के लाभार्थियों का होगा सत्यापन

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को नवान्न में आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार की नई 'अन्नपूर्णा भंडार योजना' का औपचारिक ऐलान किया. बंगाल सरकार ने भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में से एक-महिलाओं को 3,000 की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा भंडार योजना का आवेदन फॉर्म जारी कर इसकी आधिकारिक प्रक्रिया शुरू की. राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने महिला व बाल विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल, राज्य के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शाम में फॉर्म जारी किया. शुभेंदु ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना एक जून से प्रभावी होगी. तीन जून को महिला लाभार्थियों के सीधे बैंक खाते में पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की जाएगी.

उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए सभी पात्र महिलाओं को आवेदन फॉर्म भरना होगा. उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना में करीब 30 लाख लोग फर्जी तरीके से लाभ ले रहे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि योजना की राशि न सिर्फ अवैध घुसपैठियों, बल्कि कई पुरुषों के खातों में भी भेजी जा रही थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से योजना में अनियमितताओं



की शिकायतें मिल रही थीं. जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में अपात्र लोगों के खाते में सरकारी सहायता पहुंच रही थी. उन्होंने कहा कि अब लाभार्थियों की सूची का नए सिरे से सत्यापन किया जाएगा और केवल पात्र भारतीय महिलाओं को ही योजना का लाभ मिलेगा. शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सिर्फ राष्ट्रवादी भारतीय महिलाओं को ही यह सहायता दी जाएगी. कई ऐसे लोग भी योजना का लाभ ले रहे थे, जिन्हें इसका अधिकार नहीं था. उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरुषों, गैर भारतीय नागरिकों, आयकरदाताओं, सरकारी कर्मचारियों और नियमित वेतन पाने वालों को नई व्यवस्था के तहत बाहर किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी उद्देश्य से 'अन्नपूर्णा योजना' के तहत दोबारा आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है. नए फॉर्म भरने के बाद लाभार्थियों की सूची तैयार होगी और अपात्र लोगों के नाम हटाए जाएंगे.मुख्यमंत्री ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया एक जून से शुरू होकर अगले 90 दिनों तक चलेगी. दो जून तक आवेदन पूरा करने वाली महिलाओं को जून महीने से ही योजना की राशि मिलनी शुरू हो जाएगी.

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की जल्दबाजी या अफरा-तफरी की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह स्थायी सरकारी योजना है और सभी को पर्याप्त समय दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भंडार योजना लागू होने तक 'लक्ष्मी भंडार' योजना जारी रहेगी. हालांकि, जो लाभार्थी नई योजना में शामिल हो जाएंगे, उनका पुरानी योजना का लाभ बंद कर दिया जाएगा.

शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किए जा सकेंगे. जो लोग स्वयं फॉर्म भरने में सक्षम नहीं होंगे, उनके घर जाकर सरकारी कर्मचारी सहायता करेंगे. इसके अलावा नवनिर्वाचित विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी इस प्रक्रिया में सहयोग करेंगे. 15, 16 और 17 तारीख को आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों में भी आवेदन भरवाने की व्यवस्था रहेगी. उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म के जरिए सरकार परिवार से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी एकत्र करेगी, ताकि भविष्य में दूसरी सरकारी योजनाओं में उसका उपयोग किया जा सके.

## टीएमसी विधायक दिलीप मंडल पुरी से गिरफ्तार



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल पुलिस ने फरार टीएमसी विधायक दिलीप मंडल को ओडिशा के पुरी से गिरफ्तार किया है. दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक दिलीप मंडल को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक होटल से हिरासत में ले लिया. पुलिस के अनुसार, दिलीप मंडल को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है. हाल ही में बिष्णुपुर के विधायक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वीडियो में आरोप है कि दिलीप ने एक अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी दी थी. इस घटना को लेकर विधायक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी.

धमकी देने के आरोपों के आधार पर पुलिस ने गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. इसी जांच के तहत 14 मई को विधायक के घर पर छापा मारा गया लेकिन उस समय वह घर पर नहीं मिले. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस के आने की खबर मिलते ही वह घर से फरार हो गए थे. तब से विधायक दिलीप छिपे हुए थे और पुलिस विभिन्न स्थानों पर उनकी तलाश कर रही थी. हालांकि, उनके ठिकाने का पता नहीं चल पा रहा था.

## असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक





**गुवाहाटीः** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया. यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है. हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए.असम समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक पर पूरे दिन चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से इसे सदन में पारित कराने के लिए पेश करने को कहा. विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें विधेयक को अधिक विचार-विमर्श के लिए चयन समिति को भेजने की बात कही गई थी. इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन के बीच में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और विधेयक पारित होने तक विरोध जारी रखा.विधानसभा अध्यक्ष ने शोर-शराबे के बीच विधेयक को ध्वनिमत से पारित कराया. इस दौरान सत्तापक्ष के सदस्य 'भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के नारे लगाते रहे. अध्यक्ष ने घोषणा की, मैं घोषणा करता हूं कि यह विधेयक पारित हो गया है. सत्तापक्ष के सदस्यों ने इसके समर्थन में मतदान किया. विधेयक पारित होने के बाद सदन में जोरदार तालियों के साथ इसका स्वागत किया गया. असम सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था. इसका मकसद विवाग, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे निजी मामलों में सभी धर्मों के लिए समान कानून लागू करना है. विधेयक में बहुविवाह पर रोक लगाने और लिव-इन रिश्तों का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान भी शामिल है. हालांकि, इस कानून को असम में रहने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर लागू नहीं किया जाएगा. विधेयक में कई सख्त दंड का भी प्रावधान किया गया है, जिसमें द्विविवाह या बहुविवाह के लिए सात साल तक की जेल और लिव-इन संबंध का पंजीकरण नहीं कराने पर तीन महीने तक की सजा शामिल है.

### राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को बुरी तरह रौंदा

# वैभव सूर्यवंशी जीत के हीरो

**मुल्लांपुर:** आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को रौंदकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है. पहले बैटिंग करते हुए राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी के धमाकेदार 97 रनों की पारी के दम पर 8 विकेट पर 243 रन बनाए. वैभव क्रिस गेल का सबसे तेज आईपीएल शतक का रिकॉर्ड तोड़ने ही वाले थे कि प्रफुल हिंगे की गेंद पर एस. रविचंद्रन को कैच थमा बैठे. खैर, 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की टीम ने खराब शुरुआत की, जबकि अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए. ट्रेविस हेड भी 17 रन पर चलते बने. इसके बाद कुछ अच्छी पारी जरूर देखने को मिली, लेकिन यह हैदराबाद को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थी. पूरी टीम 19.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर 196 रन बनाकर आउट हो गई.

इस तरह से राजस्थान ने 47 रनों से जीत दर्ज की. अब टूर्नामेंट का क्वालीफायर-2 मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और क्वालीफायर-1 की हारी हुई टीम गुजरात टाइटंस के बीच 29 मई को इसी मैदान पर खेला जाएगा. विनिंग टीम फाइनल बेंगलुरु के साथ भिड़ेगी.



### इबोला की भारत में दस्तक?

## कांगो के कारोबारी समेत 4 लोग आइसोलेशन में

**गांधीनगर:** अहमदाबाद में स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन बड़ा कदम उठाते हुए कांगो से आए एक कारोबारी और उसके संपर्क में आए तीन अन्य लोगों को अहमदाबाद के अलग-अलग अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है. सभी के सैंपल जांच के लिए पुणे भेजे गए हैं, जिससे देश में इबोला वायरस के संभावित खतरे को लेकर चिंता बढ़ गई है. गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, यह कार्रवाई पूरी तरह सावधानी के तौर पर की गई है और फिलहाल किसी भी संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है. रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी. स्वास्थ्य विभाग ने मामले पर कड़ी नजर रखते हुए सभी जरूरी प्रोटोकॉल लागू कर दिए हैं, ताकि किसी भी संभावित जोखिम को समय रहते नियंत्रित किया जा सके स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, 37 वर्षीय कारोबारी करीब पांच से सात दिन पहले कांगो से मुंबई पहुंचा था. इसके बाद वह वडोदरा गया. उन्होंने बताया कि कारोबारी को बुखार आने के बाद वडोदरा के बैंकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

# एसआईआर अवैध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### शर्तों के साथ नागरिकता की जांच कर सकता है चुनाव आयोग ■ एसआईआर में नाम काटने को नियम विरुद्ध नहीं कह सकते

**नयी दिल्लीः** एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (27 मई) को बड़ा फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा एसआईआर प्रक्रिया में कोई खामी नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'चुनाव आयोग ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल किया है, अपनी शक्तियों के बाहर नहीं. पूरी प्रक्रिया को गैर-संवैधानिक करार नहीं दे सकते.' सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच बुधवार (27 मई) को अपना फैसला सुनाया है. सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई के बिहार में शुरू किए गए मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के फैसले को बरकरार रखा है. कोर्ट ने फैसला दिया है कि एसआईआर प्रक्रिया को सिर्फ इसलिए गैर-कानूनी कहकर रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि यह वोटर लिस्ट के सामान्य रिवीजन की प्रक्रिया से अलग है. कोर्ट ने एसआईआर को एक वैध और संवैधानिक प्रक्रिया बताया है. कोर्ट ने आगे कहा, 'यह प्रक्रिया कानूनी रूप से मान्य है.'

कोर्ट ने कहा, 'हमारा मानना है कि के दौरान जो कदम उठाए गए वह जरूरत के मुताबिक थे. वोटर पर खुद को साबित करने का बोझ डालने की दलील दी गई. हम इसे नहीं मानते. अगर कोई अपने पुराने निवास से अलग रह रहा है, तब भी वह पुरानी प्रक्रिया (एसआईआर) से अलग नहीं



हो जाता. उसका या परिवार का नाम (पुराने एसआईआर में) होगा. एसआईआर में नाम कटने को नियम विरुद्ध नहीं कहा जा सकता.'

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, 'चुनाव आयोग ने दस्तावेजों की विश्वसनीयता के आधार पर उन्हें अपनी लिस्ट में जगह दी. इसे मनमाना नहीं कहा जा सकता. यह नहीं कहा जा सकता कि एसआईआर का मकसद सिर्फ लोगों को बाहर करना था. अगर दस्तावेज सही न लगें तो चुनाव आयोग को वोटर लिस्ट में जगह देने से मना कर सकता है. इसका मतलब यह नहीं लगा सकते कि चुनाव आयोग लोगों की नागरिकता तय कर रहा है.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हमारा निष्कर्ष है कि एसआईआर संविधान और आरपी एक्ट की कसौटी पर खरा उतरता है. यह जितना विस्तृत काम है, उसके मद्देनजर चुनाव आयोग को नियम और प्रक्रिया तय करने का अधिकार है. चुनाव आयोग नागरिकता तय नहीं करता. हालांकि, वह संदिग्ध लोगों का मामला केंद्र सरकार को भेज सकता है.'इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद पीठ ने इसी साल की शुरुआत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया की वैधता को चुनौती दी गई थी. याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यह संशोधन प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत चुनाव आयोग को दी गई शक्तियों से कहीं आगे जाती है. यह विवाद मुख्य रूप से चुनाव आयोग की उस शर्त से जुड़ा है, जिसके तहत साल 2002 (या कुछ राज्यों में 2003) की मतदाता सूची से बाहर रहे मतदाताओं को अब नागरिकता सिद्ध करनी होगी. इसके लिए उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति से अपना पैतृक संबंध साबित करना होगा, जिसका नाम उस समय की मतदाता सूची में दर्ज था.

## बंगाली फिल्ममेकर अनिक दत्ता का रहस्यमयी तरीके से मौत



**कोलकाता:** मशहूर बंगाली फिल्ममेकर अनिक दत्ता का बुधवार को निधन हो गया है. वह 65 साल के थे. दक्षिण कोलकाता में अपने बहुमंजिला घर की छत से गिरने के बाद उनकी मौत हो गई. फिल्ममेकर को ढाकुरिया के पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डायरेक्टर छत से कैसे गिरे, इस रहस्य की गुत्थी और उलझती जा रही है. बुधवार दोपहर को डायरेक्टर अनिक दत्ता अचानक एक घर की छत से गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं. उन्हें गंभीर हालत में ढाकुरिया के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्हें गरियाहाट के हिंदुस्तान पार्क स्थित अपने घर की चौथी मंजिल की छत से गिरने के बाद चोट लगी थी. उनकी पत्नी इसी घर में रहती है.

# गुजरात तट से 1,150 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, तीन विदेशी गिरफ्तार

**अहमदाबादः** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और भारतीय तटरक्षक ने एक बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए मुंद्रा बंदरगाह के पास एक जहाज से लगभग 1,150 करोड़ रुपये मूल्य की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की और तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) केएलएन राव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मालवाहक जहाज 'यूरोप' के कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह के पास लंगर डालने से पहले खेप लैटिन अमेरिका, मैक्सिको, अमेरिका और कराची (पाकिस्तान में) से होकर गुजरी. एटीएस ने बताया कि आरोपियों में से एक के अनुसार, मादक पदार्थ की खेप को पिछले साल नवंबर में ब्राजील में जहाज पर लादा गया था और चालक दल के अन्य सदस्यों की जानकारी के बिना उसे गुपचुप तरीके से मोटर रूम में छिपा दिया गया था. अधिकारियों ने बताया कि जहां जहाज से जुमा नासिर उमर नाम के एक तंजानियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया, वहीं गुजरात एटीएस ने दिल्ली पुलिस की मदद से राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके से दो अन्य विदेशी नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें उस खेप को लेना था. डीजीपी ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है, जो तंजानिया का नागरिक है और अभियान के दौरान समुद्र में कूद गया था. अधिकारियों ने बताया कि खेप के बैग से जीपीएस उपकरण, उपग्रह संचार उपकरण और एयरटैग भी जब्त किए गए, जिससे संकेत मिलता है कि परिवहन के दौरान मादक पदार्थ की इलेक्ट्रॉनिक रूप से निगरानी की गई. राव ने बताया कि एटीएस अधिकारी द्वारा ब्राजील से समुद्री मार्ग से कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी के संबंध में



जुटाई गई विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद आतंकवाद निरोधक दस्ते और तटरक्षक ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया. खुफिया जानकारी के आधार पर, एटीएस अधिकारी 25 मई की रात को मुंद्रा पहुंचे और एक संयुक्त अभियान के लिए तटरक्षक बल के साथ समन्वय किया. अधिकारियों ने बताया कि पांच बैग से लगभग 115 पैकेट बरामद किए गए, जिनका वजन लगभग 115 किलोग्राम था. उन्होंने बताया कि जब्त की गई कोकीन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य लगभग 1,150 करोड़ रुपये है. डीजीपी ने बताया कि जहाज के मोटर रूम में काम करने वाले चालक दल के सदस्यों में से एक, जिसने जहाज के अंदर कोकीन की खेप कथित तौर पर छिपा रखी थी, एटीएस और तटरक्षक बल की टीम को देखते ही समुद्र में कूद गया.

## होर्मुज खुलेगा, नाकेबंदी हटेगी : ईरान

**तेहरानः** ईरान ने कहा कि अमेरिका के साथ शांति समझौते का एक मसौदा तैयार हुआ है, जिससे होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकती है और समुद्री नाकाबंदी खत्म हो सकती है. ईरानी सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी.इस प्रारूप के तहत ईरान एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये होने वाली व्यापारिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध के पहले के स्तर पर वापस लाएगा. वहीं, अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य ताकत को हटाएगा और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म करेगा.

ईरान की समाचार एजेंसी मिजान ने इस प्रस्ताव के बारे में और विस्तार से बताया है, जो एक बहु-स्तरीय शांति प्रक्रिया शुरू करने की योजना है.इसने कहा, अमेरिका ने कथित तौर पर वादा किया है कि वह ईरान के आसपास से अपनी सैन्य ताकत को हटाएगा. रिपोर्ट में आगे कहा गया, अगर 60 दिनों के अंदर अंतिम समझौता हो जाता है, तो इस समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक बाध्यकारी (कानूनी रूप से मानने योग्य) प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी.

# तृणमूल सांसद काकोली घोष ने सभी पदों से दिया इस्तीफा, पार्टी पर उठाए सवाल

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के बारासात से लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे दिया. काकोली ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बक्सी को पत्र लिखकर तृणमूल महिला कांग्रेस की चेयरपर्सन समेत सभी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया है. इससे तीन दिन पहले ही उन्होंने जिला अध्यक्ष पद छोड़ दिया था. अपने पत्र में काकोली ने राज्य में सामने आए विभिन्न भ्रष्टाचार मामलों और आरजी कर प्रकरण को लेकर गहरी चिंता जताई है. उन्होंने लिखा कि राशन घोटाला, शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार और कई प्रशासनिक अनियमितताओं ने आम लोगों के मन में भारी असंतोष और अविश्वास पैदा किया है.

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की पूर्व छात्रा रहीं काकोली ने 2024 में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि इस मामले को दबाने के आरोपों ने समाज को झकझोर दिया और इसका व्यक्तिगत रूप से उन पर भी गहरा असर पड़ा. पत्र में उन्होंने बिना नाम लिए पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी पर भी निशाना साधा. काकोली ने लिखा कि जिस पद पर रहते हुए किसी महिला सांसद के प्रति एक अशिक्षित और अभद्र सांसद के अनुचित व्यवहार को रोका न जा सके और वरिष्ठ नेतृत्व से सहयोग या सहानुभूति न मिले, उस पद पर बने रहने का कोई अर्थ नहीं है. उन्होंने पार्टी की चुनावी रणनीतिकार संस्था आई-पैक को लेकर भी सवाल उठाए. काकोली ने लिखा कि संगठन पर यदि किसी अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक प्रभाव का दबदबा बढ़ता है, तो यह पार्टी की विचारधारा और परंपरा के लिए शुभ संकेत नहीं है.



सांसद ने स्पष्ट किया कि उनका फैसला किसी व्यक्तिगत नाराजगी या अभिमान का परिणाम नहीं है. उन्होंने कहा कि वह अब पार्टी की सामान्य कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगी और लोकतंत्र तथा जनता के प्रति नैतिक जिम्मेदारी के कारण उन्होंने संगठनात्मक पदों से खुद को अलग किया है. हाल ही में तृणमूल ने उन्हें संसदीय दल के मुख्य सचेतक पद से हटाया था और यह जिम्मेदारी फिर से कल्याण बनर्जी को सौंप दी गई थी. इसके बाद काकोली ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा था कि 1976 से पहचान और 1984 से राजनीतिक सफर शुरू हुआ. चार दशक की निष्ठा का यही पुरस्कार मिला.राजनीतिक हलकों में उस समय भी चर्चा तेज हो गई थी, जब मंगलवार को काकोली शुभेंदु अधिकारी की प्रशासनिक बैठक में शामिल हुई थीं. हालांकि उन्होंने कहा था कि प्रशासन सभी का होता है और वहां दलगत राजनीति नहीं देखी जानी चाहिए.

# अग्निमित्रा पाल ने घुसपैठ, अन्नपूर्णा भंडार और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पूर्व तृणमूल सरकार को घेरा

**पश्चिम बर्दवान :** महिला एवं बाल विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल ने पूर्व तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को संरक्षण दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड बनाकर उन्हें भारतीय नागरिकों के अधिकार दिए गए, जबकि असली नागरिकों के अधिकार छीने गए.उन्होंने कहा कि अब जब घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात हो रही है तो कुछ लोग संवेदना दिखाने की बात कर रहे हैं. वरिष्ठ अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों की तुलना परम पूज्य दलाई लामा से करना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि दलाई लामा को भारत में शरण तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अनुमति से मानवीय आधार पर दी गई थी, जबकि घुसपैठियों को राजनीतिक लाभ और वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया गया.अग्निमित्रा पाल ने दावा किया कि बंगाल की जनता अब सब कुछ समझ चुकी है और आने वाले समय में तृणमूल कांग्रेस का जनाधार और कमजोर होगा. अन्नपूर्णा भंडार योजना को लेकर उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें और गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं.उन्होंने लोगों से मुख्यमंत्री की आधिकारिक घोषणा का इंतजार करने की अपील करते हुए कहा कि योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और सभी नियमों की



जानकारी आधिकारिक रूप से दी जाएगी. उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने को लेकर अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व करेगा. यदि कोई विधायक, नेता या कार्यकर्ता भ्रष्टाचार, अपराध या लोगों को प्रताड़ित करने में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई होगी.विष्णुपुर के विधायक दिलीप मंडल की गिरफ्तारी और मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता भ्रष्टाचार या अपराध में पाई जाती है तो कानून के तहत कार्रवाई होना स्वाभाविक है. उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में पुलिस पर राजनीतिक दबाव बनाया गया, लेकिन अब पुलिस को स्वतंत्र रूप से काम करने की छूट मिली है. धार्मिक मुद्दों पर बोलते हुए अग्निमित्रा पाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ के लिए किसी धर्म का अपमान नहीं कर सकता.उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, सिख या किसी अन्य धर्म का अपमान करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए. बकरीद को लेकर उन्होंने सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दीं.

साथ ही कहा कि कुर्बानी से जुड़े सरकारी नियम पहले से लागू हैं और अधिकृत सरकारी स्लॉटर हाउस में ही पशु वध होना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार इन नियमों को सही तरीके से लागू करने में विफल रही है.अग्निमित्रा पाल ने बर्नपुर गुरुद्वारा स्कूल में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल में वित्तीय गड़बड़ी, बच्चों से जुड़े मामलों और नियुक्तियों में अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं. उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में आगे जांच की मांग की जा सकती है.

## हुगली में टेक्नोलॉजी फेस्टिवल संपन्न



**हुगली** : हुगली इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में दो दिन का टेक्नोलॉजी फेस्टिवल टेकईटीसी 2के26 जोश और उत्साह के साथ खत्म हुआ. 25 मई को शुरू हुआ यह टेक्नोलॉजी फेस्टिवल 26 मई को खत्म हुआ. इस साल, अपने दसवें साल में, कुल 11 इवेंट्स ऑर्गनाइज़ किए गए. इनमें कई टेक्निकल कॉम्पिटिशन, गेमिंग इवेंट्स और मॉडर्न टेक्नोलॉजी पर आधारित कई दिलचस्प कॉम्पिटिशन शामिल थे. इस फेस्टिवल में हुगली और राज्य के दूसरे ज़िलों के अलग-अलग कॉलेजों से करीब 300 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया. दो दिनों तक कॉलेज कैंपस में स्टूडेंट्स की भारी भीड़ से जश्न जैसा माहौल बना रहा.प्रोग्राम के आखिरी दिन, प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन के साथ-साथ कॉलेज के नए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस का फॉर्मल इनॉगरेशन किया गया. इस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में मॉडर्न टेक्नोलॉजी पर आधारित कई रिसर्च लैब्स बनाई गई हैं, जहाँ स्टूडेंट्स को आने वाले दिनों में फ्यूचर टेक्नोलॉजी सीखने और ट्रेनिंग लेने का मौका मिलेगा. एआई व एमएल, आईओटी, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और 3डी प्रिंटिंग जैसे लेटेस्ट टॉपिक पर काम करने का मौका मिलेगा. इस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस का उद्घाटन चुंचुरा के नए चुने गए विधायक सुबीर नाग ने किया. इस इवेंट में हुगली इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. भवानी प्रसन्ना पटनायक, हुगली इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज सोसाइटी के सेक्रेटरी डॉ. अभिजीत मैती के साथ कॉलेज के दूसरे टीचर और जाने-माने लोग शामिल हुए. अलग-अलग कॉलेजों से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी मौजूद थे.पूरे इवेंट के दौरान स्टूडेंट्स का जोश और हिस्सा लेना कमाल का था. ऑर्गनाइज़र का मानना है कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का यह जमावड़ा आने वाले दिनों में स्टूडेंट्स को और आगे बढ़ने के लिए इंस्पायर करेगा.

## क्लब पर 'गैर-आधिकारिक तृणमूल पार्टी कार्यालय' चलाने का आरोप, ग्रामीणों ने ताला तोड़कर की तलाशी



**हुगली :** गोघाट के कामारपुकुर इलाके में सुकांत उद्यान के पास स्थित एक क्लबघर को लंबे समय से कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के गैर-आधिकारिक पार्टी कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किए जाने के आरोप में बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने ताला तोड़कर तलाशी अभियान चलाया. मौके पर भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलाके का यह क्लबघर वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होता रहा है. लेकिन हाल के दिनों में इसे कथित तौर पर राजनीतिक कार्यालय में बदले जाने की शिकायत सामने आई थी. इसी आरोप को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने क्लब का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और तलाशी ली.ग्रामीणों का दावा है कि तलाशी के दौरान क्लबघर के अंदर से जमीन के दस्तावेजों की कई फोटोकॉपी, विभिन्न लोगों के बायोडाटा, लाठियां और कुछ सरकारी सामान बरामद किए गए. बरामद दस्तावेजों और सामग्रियों को लेकर इलाके में काफी हलचल फैल गई है.मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि एक सार्वजनिक क्लब का इस्तेमाल राजनीतिक हितों के लिए किया जा रहा था और वहां महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा अन्य सामग्री जमा करके रखी गई थी. उन्होंने बरामद वस्तुओं और दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच की मांग की है.हालांकि, इन आरोपों पर तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है. घटना की सूचना पाकर पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एहतियाती कदम उठाए गए हैं.

## रेलवे व जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से हावड़ा के विकास को नई गति

**हावड़ा :** समेकित अवसंरचना विकास तथा मानसून की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर ने हावड़ा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल डीआरएम कॉन्फ्रेंस हॉल में हावड़ा की जिला मजिस्ट्रेट डॉ.पी.दीपप प्रिया, आईएएस के साथ विस्तृत समन्वय बैठक की.इस उच्चस्तरीय बैठक में रेलवे एवं हावड़ा के नागरिक क्षेत्रों में समन्वित विकास कार्यों को गति देने पर विशेष रूप से चर्चा की गई. साथ ही, आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए अवसंरचना की मजबूती और आपदा-तैयारी पर भी विशेष जोर दिया गया. बैठक में रेलवे-नगर निगम समन्वय को सुदृढ़ बनाने, शहरी अवसंरचना, जलनिकासी व्यवस्था, यात्री सुविधाओं तथा हावड़ा स्टेशन एवं आसपास के रेलवे क्षेत्रों में परिचालन दक्षता बढ़ाने पर विशेष ध्यान बल दिया गया.





भारी वर्षा के दौरान रेलवे परिचालन को प्रभावित करने वाली जलभराव की समस्या प्रमुख चर्चा विषयों में रही. रेलवे पटरियों तथा आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा होने से रोकने के लिए निवारक एवं सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, ताकि मानसून के दौरान रेल परिचालन सुचारु एवं निर्बाध बना रहे.

बैठक में रेलवे और हावड़ा नगर निगम के बीच प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, नियमित कचरा निपटान और रेलवे से सटे क्षेत्रों में नागरिक बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए संयुक्त कार्रवाई के महत्व पर भी बल दिया गया. जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील कई क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की गई, जिनमें गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, कोल्विन कोर्ट, चर्च रोड क्षेत्र, बेलानगर एलएचएस तथा बेलूर सबवे शामिल हैं. इन महत्वपूर्ण स्थानों के लिए तात्कालिक हस्तक्षेपों के साथ-साथ दीर्घकालिक अवसंरचना समाधान पर भी चर्चा की गई. हावड़ा स्टेशन सबवे के नवीनीकरण एवं सुधार से जुड़े विषयों, विशेषकर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा हेतु सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया. हावड़ा नगर निगम ने रेलवे परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान, जलनिकासी रखरखाव तथा नागरिक सहायता सेवाओं के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.बैठक में बनारस पुल तथा चांदमारी पुल परियोजनाओं की प्रगति एवं शीघ्र पूर्णता की भी समीक्षा की गई. निर्माण कार्यों के दौरान यातायात डायवर्जन से उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा बेहतर यातायात प्रबंधन एवं परियोजनाओं के शीघ्र समापन पर बल दिया गया, ताकि आम जनता को अधिक सुविधा मिल सके.बैठक का समापन रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन की इस साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ कि हावड़ा के यात्रियों एवं नागरिकों के हित में आधुनिकीकरण, बेहतर नागरिक प्रबंधन तथा निर्बाध रेल संचालन के लिए दोनों संस्थाएं आपसी समन्वय से कार्य करती रहेंगी.

## ग्रीन सिटी परियोजना में आर्थिक हेराफेरी, तीन गिरफ्तार



**हुगली** : आरामबाग में ग्रीन सिटी परियोजना में आर्थिक अनियमितता और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में बुधवार को पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इस घटना को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है.जानकारी के अनुसार, समीर भंडारी ने गत चार मई को आरामबाग थाने में स्वपन नंदी समेत कई लोगों के खिलाफ ग्रीन सिटी परियोजना की राशि के इस्तेमाल में अनियमितता और धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और दस्तावेजों की जांच कर विभिन्न जानकारियां जुटाईं.जांच के आधार पर बुधवार को पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपितों के नाम मानस कुंडू स्वरभानु घोष और कौस्तव मुखोपाध्याय बताए गए हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों में एक ठेकेदार, एक इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर और आरामबाग नगरपालिका के एक पूर्व इंजीनियर शामिल हैं.पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि इस वित्तीय अनियमितता में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं. जांच के हित में कई दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड जुटाए गए हैं.वहीं, नगरपालिका चेयरमैन समीर भंडारी ने कहा कि जनता के पैसे के दुरुपयोग को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ही थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी और जांच के माध्यम से सच्चाई सामने आएगी.इधर, गिरफ्तारी की इस घटना को लेकर पूरे आरामबाग क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है. पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं.

## सडक जाम रोकने के लिए अवैध पार्किंग के खिलाफ सक्रिय हुई पुलिस

**आसनसोल :** आसनसोल के बाद अब कुल्टी थाना क्षेत्र के नियामतपुर बाजार में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है.नियामतपुर सब-ट्रैफिक गार्ड की ओर से अवैध और अनियमित पार्किंग के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया गया है. मंगलवार शाम ट्रैफिक पुलिस ने बाजार इलाके में माइकिंग कर लोगों से अपील की कि वे सड़क पर वाहन खड़ा न करें और यातायात नियमों का पालन करें.पुलिस का कहना है कि कई लोग बाजार में खरीदारी के दौरान सड़क किनारे या बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है.ट्रैफिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फिलहाल लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ चालान किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर अन्य कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे.पुलिस के अनुसार, केवल नियामतपुर बाजार ही नहीं बल्कि ट्रैफिक गार्ड के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों को जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है. खासकर शाम के समय सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है.

## राजगंज ब्लॉक में बन रहा 'होल्डिंग सेंटर'

**जलपाईगुड़ी** : पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवासियों और संदिग्ध विदेशियों को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है. इसी क्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के साथ-साथ जिले के राजगंज ब्लॉक के फाटापुकुर में भी एक 'होल्डिंग सेंटर' बनाया जा रहा है.प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस सेंटर में अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध विदेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों को अस्थायी रूप से रखा जाएगा.

## वित्तीय गड़बड़ी के आरोप में तृणमूल नेताओं के खिलाफ पोस्टरबाजी, इलाके में सनसनी





**हुगली :** गोघाट के श्यामबाजार ग्राम पंचायत अंतर्गत बेलडिहा इलाके में स्थानीय तृणमूल नेताओं के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए पोस्टर लगाए जाने से बुधवार को इलाके में भारी सनसनी फैल गई.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह इलाके के कई प्रमुख स्थानों पर कई पोस्टर देखे गए. इन पोस्टरों में स्थानीय तृणमूल नेताओं अरुण पाल, अश्वनी गायन, सुजीत दास और निताई नंदी के नाम लेकर विभिन्न विकास परियोजनाओं की राशि के गबन का आरोप लगाया गया है.पोस्टरों में दावा किया गया है कि सड़क निर्माण, आवास योजना, वृक्षारोपण परियोजना, जॉब कार्ड और शौचालय निर्माण के लिए आवंटित धन आम लोगों को वापस किया जाना चाहिए. साथ ही सरकारी योजनाओं की राशि में अनियमितता के भी आरोप लगाए गए हैं.पोस्टरबाजी की घटना के बाद इलाके में राजनीतिक तनाव फैल गया. स्थानीय निवासियों के एक वर्ग ने मामले पर नाराजगी जताते हुए आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है. हालांकि, पोस्टर किसने लगाए, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है.वहीं, आरोपित तृणमूल नेताओं की ओर से इन आरोपों से इनकार किए जाने की जानकारी मिली है. उनका कहना है कि राजनीतिक साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने के लिए इस तरह के पोस्टर लगाए गए हैं.घटना की सूचना पाकर प्रशासन ने पूरे मामले पर नजर रख रही है. इलाके में पोस्टरों के स्रोत और आरोपों की सच्चाई की जांच की मांग तेज हो गई है.

## न्यूज कॉर्नर

### फर्जी आधार और जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आरोप, युवक गिरफ्तार

**बोलपुर (बीरभूम) :** मोबाइल दुकान की आड़ में फर्जी आधार कार्ड और जाली जन्म प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में बोलपुर थाने की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित की पहचान भूदेव बाला उर्फ रतन के रूप में हुई है. उसका घर बोलपुर के कांकुटिया इलाके में बताया गया है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित लंबे समय से मोबाइल दुकान की आड़ में फर्जी दस्तावेज तैयार करने का काम कर रहा था. गुप्त सूचना पाकर बुधवार सुबह बोलपुर थाना की पुलिस ने छापेमारी की और मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया.तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने कई फर्जी आधार कार्ड और जाली जन्म प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं. पुलिस का मानना है कि इस मामले में किसी बड़े गिरोह के शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता.प्राथमिक जांच में पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गिरफ्तार युवक किसी अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले नेटवर्क से जुड़ा हुआ है या नहीं. पूरे मामले की जांच बोलपुर थाना पुलिस कर रही है.

### रिश्वतखोरी के आरोप में इस्लामपुर ग्राम पंचायत प्रधान के पति गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के इस्लामपुर ग्राम पंचायत की तृणमूल प्रधान हसीना नसरत के पति सोहेल राना को पुलिस ने मंगलवार रात रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है. इस्लामपुर थाना पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार किया. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोहेल राना रानीनगर के पूर्व विधायक सौमिक हुसैन के करीबी बताए जा रहे हैं. बुधवार को उसे मालदा जिला अदालत में पेश किया गया है.उधर, 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के मामले में पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत सदस्य को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित का नाम शमसुल हक है. उसे मंगलवार रात पुलिस ने पकड़ा. वह पुरातन मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी पंचायत के जलंगा गांव का निवासी है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में गत दो अप्रैल को पुरातन मालदा के नारायणपुर बीएसएफ कैंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-12 को जाम किया गया था. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे और करीब चार घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा. इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.इस मामले में मालदा थाना की ओर से लगभग 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. उसी मामले में शमसुल हक को मंगलवार देर रात नारायणपुर बीएसएफ कैंप इलाके से गिरफ्तार किया गया.

### हथियारों के साथ तृणमूल नेता गिरफ्तार, पुलिस जांच तेज

**मालदा :** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक तृणमूल कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है. आरोपित की पहचान फारुक शेख के रूप में हुई है, जिसे मंगलवार रात मानिकचक थाना क्षेत्र के गोपालपुर से पकड़ा गया. बुधवार को आरोपित को मालदा जिला अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने आगे की पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की है.पुलिस के मुताबिक, आरोपित के पास से दो सात एमएम पिस्टल, दो पाइप गन और सात राउंड कारतूस बरामद किए गए हैं. सूत्रों के अनुसार, आरोपित की काकी मानिकचक पंचायत समिति की तृणमूल सदस्य हैं.स्थानीय लोगों का दावा है कि फारुक शेख फरार तृणमूल नेता नासिर शेख का करीबी है. इतनी बड़ी मात्रा में हथियार रखने के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मामले में अन्य संभावित लिंक की भी जांच की जा रही है.

## 15 साल बाद तृणमूल ने लौटाया सीटू कार्यालय, चूंचूड़ा में फिर फहराया लाल झंडा

**हुगली:** चूंचूड़ा के खादिना मोड़ स्थित एक पुराने पार्टी कार्यालय पर बुधवार को फिर से लाल झंडा लहराया. यह कार्यालय कभी सीटू का दफ्तर हुआ करता था, जिसे 2011 में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस ने अपने कब्जे में ले लिया था. अब करीब 15 साल बाद यह कार्यालय सीटू को वापस सौंप दिया गया है.जानकारी के अनुसार, जीटी रोड किनारे स्थित इस कार्यालय का इस्तेमाल लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस के नेता और चूंचूड़ा के पूर्व विधायक असित मजूमदार कर रहे थे. यहां तक कि जिला तृणमूल नेतृत्व की बैठकों से लेकर चुनावी रणनीति तक इसी कार्यालय से संचालित होती थी. एसआईआर चरण के दौरान इसे तृणमूल का वॉर रूम भी माना जाता





था.बुधवार को असित मजूमदार ने स्वयं कार्यालय की चाबी सीटू नेताओं को सौंप दी. इससे पहले बंडेल के लीचूबागान इलाके में कब्जे में लिया गया एक अन्य कार्यालय भी तृणमूल की ओर से वापस किया जा चुका है. असित मजूमदार ने कहा कि जिसका कार्यालय है, उसे लौटा दिया गया.इस मौके पर सीटू नेता गुरुदास बनर्जी ने कहा कि तृणमूल ने कभी बदला नहीं, बदलाव चाहिए का नारा दिया था, लेकिन बाद में उनके कार्यालयों पर कब्जा कर लिया गया. उन्होंने कहा कि उस समय वे इसका विरोध नहीं कर पाए, लेकिन अब बदली राजनीतिक परिस्थितियों में असित मजूमदार ने कार्यालय लौटाना उचित समझा.

हालांकि, इस बार चुनाव में टिकट नहीं पाने वाले असित मजूमदार ने कहा कि वह अलग सोच के व्यक्ति हैं और सभी राजनीतिक दलों को काम करने का अधिकार है.

उन्होंने कहा कि वह आगे भी ममता बनर्जी के नेतृत्व में राजनीति करते रहेंगे और अब उनकी तैयारी नगर निकाय चुनावों को लेकर है.वहीं, चूंचूड़ा से भाजपा विधायक सुबीर नाग ने कहा कि लोग इस कार्यालय को विधायक कार्यालय के रूप में जानते थे, लेकिन भाजपा किसी प्रकार की कब्जे की राजनीति में विश्वास नहीं करती.

## बांग्लादेश भेज दिए जाने' के झूठे डर से डरी महिला ने की आत्महत्या: वोटर लिस्ट के कागजात खोने से थी परेशान

**कालना:** वोटर लिस्ट में नाम कटने और फिर दोबारा आने के बाद, कागजात खो जाने के डर से पैदा हुई एक गलतफहमी ने एक हंसती-खेलती गृहवधु की जान ले ली. बुधवार सुबह एक महिला ने केवल इस झूठी आशंका और मानसिक तनाव में आकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली कि कहीं उसे बांग्लादेश न भेज दिया जाए. मृत महिला की पहचान मनु बीबी के रूप में हुई है, जो कालना थाना अंतर्गत कंपनीडांगा इलाके की रहने वाली थीं.पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शुरुआत में सरकारी प्रक्रिया के तहत मनु बीबी का नाम वोटर लिस्ट से डिलीट (बाद) हो गया था. इसके बाद, जरूरी सरकारी सुनवाई (हियरिंग) और कागजी कार्रवाई के बाद उनका नाम दोबारा वोटर लिस्ट में चढ़ गया और उन्होंने इस बार के विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग भी किया था. लेकिन असली समस्या मतदान के दिन शुरू हुई, जब पोलिंग बूथ पर बीएलओ (इडज) द्वारा दी गई 'बूथ स्लिप' उनसे कहीं गुम या खो



गई.बूथ स्लिप खो जाने के बाद, मनु बीबी ने आसपास के लोगों और स्थानीय स्तर पर उड़ रही तरह-तरह की अफवाहों और चर्चाओं को सच मान लिया.

उनके मन में यह अंधविश्वास और गहरा डर बैठ गया कि चूंकि उनका पर्चा खो गया है, इसलिए अब उन्हें विदेशी मानकर बांग्लादेश डिपोर्ट (भेज) कर दिया जाएगा.

इस डर और चिंता को लेकर वे अपनी बेटी से अक्सर फोन पर रोती थीं और बातचीत करती थीं.बुधवार सुबह जब परिजनों ने मनु बीबी को घर में फंदे से लटका पाया, तो पूरे इलाके में मातम पसर गया. मृतका के रिश्तेदारों ने बताया कि वह बिना वजह ही इस झूठी अफवाह को लेकर मानसिक तनाव (डिप्रेशन) में चली गई थीं.

परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की कि ऐसा कुछ नहीं होगा, लेकिन उनके मन का डर दूर नहीं हुआ और आखिरकार उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया. बुधवार को कालना अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# तृणमूल नेता की निशानदेही पर जमीन खोदकर निकाले नोटों से भरे 4 बैग

## सोमवार को ही आरोपी दीपांकर भट्टाचार्य के पास से मिले थे 80 लाख

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्ट नेताओं पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है. इस कड़ी में बदुरिया नगर पालिका के चेयरमैन दीपांकर भट्टाचार्य आ गए हैं. उनकी गिरफ्तारी के बाद पार्टी कार्यालय के पास जमीन में गाड़ कर रखे गए 500 रुपये के नोटों से भरे 4 बैग और एक बोरा बरामद हुआ है. इससे पहले उनके पास से 80 लाख रुपये नकद और 4000 सरकारी तिरपाल जब्त किए गए थे. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, होटल से गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर बुधवार को तृणमूल कार्यालय के पास स्थित पाट के खेत में अभियान चलाया गया. खुदाई शुरू होते ही जमीन के नीचे दबाकर रखे गए बैग और बोरे बाहर निकाले गए. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सभी बैगों में 500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं. स्थानीय लोगों के अनुसार, 24 मई की रात दीपंकर भट्टाचार्य के कार्यालय और तृणमूल कार्यालय से वैन के जरिए सरकारी तिरपाल हटाए जाते देखे गए थे. इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी. हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित वहां से फरार हो गए थे. बाद




में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मात्रा में जले हुए दस्तावेज भी बरामद किए. तलाशी अभियान के दौरान एक बागानबाड़ी से करीब चार हजार सरकारी तिरपाल भी जब्त किए गए हैं. इससे पहले सोमवार को होटल से दीपंकर भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के समय भी लगभग 80 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे. मंगलवार को अदालत ने उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था. स्थानीय निवासी चिन्मय कुलबी ने दावा किया कि खेत से निकली रकम कई करोड़ रुपये तक हो सकती है. अब सवाल उठ रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी कहां से आई. कुछ लोगों का आरोप है कि सरकारी आवास योजना के पैसे का गबन किया गया, जबकि अन्य इसे उगाही का पैसा बता रहे हैं. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. शुरुआती अनुमानों के अनुसार बरामद राशि कई करोड़ रुपये की हो सकती है, हालांकि अधिकारियों ने अभी तक अंतिम आंकड़ा घोषित नहीं किया है. इलाके के निवासियों ने आरोप लगाया कि लोगों को अक्सर नगर निगम के पत्र, नोटिस और स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए पैसे देने के लिए मजबूर किया जाता था. एक निवासी ने दावा किया कि 5,000 से 15,000 तक की रकम नियमित रूप से वसूली जाती थी और यह भी आरोप लगाया कि इलाके में सोना छिपा हो सकता है. पुलिस चल रही जांच के तहत बरामद सामग्री और आसपास के इलाकों की जांच जारी रखे हुए है. बरामदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता सजल घोष ने अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पर जूट के खेत में पैसे के पेड़ उगाने का आरोप लगाया. उन्होंने दावा किया कि बरामदगी कथित भ्रष्टाचार के व्यापक पैमाने को दर्शाती है और कहा कि पार्टी पदों से इस्तीफा देने से इसमें शामिल लोगों को जांच या कानूनी पड़ताल से सुरक्षा नहीं मिलेगी.

### केएमसी ने अभिषेक बनर्जी से जुड़ी कंपनी की इमारत का 'एलीवेशन कॉपी' मांगा

**कोलकाता:** कोलकाता नगर निगम ने अभिषेक बनर्जी से जुड़ी एक कंपनी लिप्स एंड बाउंड्स के नाम पर दर्ज इमारत की 'एलीवेशन कॉपी' मांगी है. दक्षिण कोलकाता के हरिश मुखर्जी रोड स्थित इस संपत्ति को लेकर पहले जारी नोटिस के जवाब के साथ यह दस्तावेज जमा करने को कहा गया है. 188ए, हरिश मुखर्जी रोड स्थित 'शांतिनिकेतन' नामक यह इमारत लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है. हालांकि, इसे अभिषेक बनर्जी के आवास के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की जानकारी सामने आई है. यह भवन ममता बनर्जी के आवास के नजदीक स्थित है. नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल साधारण जवाब पर्याप्त नहीं होगा. नोटिस के जवाब के साथ भवन की 'एलीवेशन कॉपी' भी संलग्न करनी होगी, ताकि दावों का सत्यापन किया जा सके. साथ ही भवन की मूल संरचना में किए गए बदलाव और अतिरिक्त निर्माण को भी उस दस्तावेज में ग्राफिक रूप से दिखाना होगा. 'एलीवेशन कॉपी' आमतौर पर भवन निर्माण में उपयोग होने वाला वास्तु चित्र होता है.

# सीएम शुभेंदु ने की राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को लोक भवन में राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात की. राज्यपाल ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का स्वागत किया, जिसके बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और निजी चर्चा की. शुभेंदु अधिकारी का काफिला दोपहर से कुछ समय पहले लोकसभा पहुंचा, जिसके बाद बंद कमरे में बैठक हुई. सूत्रों के अनुसार, बैठक में कई प्रशासनिक मामलों पर चर्चा हुई होगी. राज्य सरकार अगले महीने अपना पहला पूर्ण बजट पेश करने वाली है, जिसकी शुरुआत परंपरागत रूप से राज्यपाल के अभिभाषण से होती है. चर्चा में प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार और लोक भवन में नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह पर भी बात हुई होगी. इससे पहले, 8 मई को शुभेंदु अधिकारी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में आधिकारिक तौर पर घोषित किए जाने के बाद उन्होंने लोकसभा का दौरा किया था. उस अवसर पर उन्होंने कई नवनिर्वाचित विधायकों के साथ सरकार बनाने का औपचारिक दावा प्रस्तुत किया था.

# सादे कपड़ों में कार्रवाई पर रोक, वर्दी में ही ड्यूटी करेंगे कोलकाता पुलिसकर्मी



**कोलकाता:** तलाशी अभियान, गिरफ्तारी या अन्य सरकारी कामकाज के दौरान अब कोलकाता पुलिस के कर्मियों को सादे कपड़ों में जाने की अनुमति नहीं होगी. उन्हें वर्दी पहनकर ही ड्यूटी करनी होगी. इस संबंध में पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से नई निर्देशिका जारी की गई है. हालांकि, जिन मामलों में सामान्य कपड़ों में जाना जरूरी होगा, वहां पहले वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी. पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से 24 मई को जारी निर्देशिका में कहा गया है कि तलाशी अभियान, गिरफ्तारी या किसी सरकारी कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से वर्दी पहननी होगी. बिना वर्दी या सादे कपड़ों में जाना नियमों के खिलाफ माना जाएगा. यदि किसी विशेष परिस्थिति में सामान्य कपड़ों में जाना आवश्यक हो, तो उसके लिए पहले से उच्च अधिकारियों की मंजूरी लेनी होगी. साथ ही अभियान के दौरान संबंधित पुलिसकर्मियों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं. हालांकि, यह निर्देश स्पेशल टास्क फोर्स, डिटेक्टिव विभाग, साइबर शाखा, प्रवर्तन शाखा और अन्य विशेष इकाइयों के पुलिसकर्मियों पर लागू नहीं होगा. निर्देशिका में वर्ष 1997 के चर्चित 'डी.के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल' मामले में भारत का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है. उस फैसले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि तलाशी, गिरफ्तारी या हिरासत के दौरान पुलिस को किस प्रकार आचरण करना चाहिए.

### विवादित तस्वीर के बाद चर्चा में आए कोलकाता पुलिस के गौतम दास को नवान्न भेजने की तैयारी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में कोलकाता पुलिस अधिकारी गौतम दास को नवान्न भेजने का निर्देश जारी किया गया है. विधानसभा चुनाव से पहले विवादों में आए गौतम दास को उस समय निलंबित कर दिया गया था. अब राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद उन्हें नई जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी की जा रही है. पूरा विवाद एक तस्वीर को लेकर शुरू हुआ था. उस तस्वीर में गौतम दास कथित तौर पर एक अत्याधुनिक बंदूक हाथ में लेकर थाने में अपनी कुर्सी पर बैठे दिखाई दिए थे. तस्वीर में उन्होंने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी. हालांकि तस्वीर की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी थी. आरोप था कि यह तस्वीर उन्होंने स्वयं फेसबुक और व्हाट्सऐप स्टेटस पर साझा की थी. विवाद बढ़ने के बाद लालबाजार प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गौतम दास को निलंबित कर दिया था.

संदेशखाली में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या का मामला

# सीबीआई ने 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**कोलकाता:** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 2019 के लोकसभा चुनाव बाद हुई हिंसा में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में सीबीआई ने 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में पूर्व टीएमसी नेता शेख शाहजहां का करीबी कादेर मोल्ला भी शामिल है. सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से जुटाए गए सुबूतों, गवाहों के बयान और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी अभियान चलाया गया. बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद आठ जून को संदेशखाली के नैजाट इलाके में हुई हिंसा में प्रदीप मंडल, सुकांत मंडल और देवदास मंडल नामक तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की गोली मारकर और धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी. यह घटना झंडा हटाने को लेकर हुए विवाद के बाद घटी थी. शुरुआत में इस मामले की जांच सीआईडी कर रही थी, लेकिन बाद में जांच रिपोर्ट और चार्जशीट से शेख शाहजहां समेत 28 लोगों के नाम हटा दिए गए थे. इसके बाद मृतकों के स्वजनों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया और सीबीआई जांच की मांग की. कोर्ट के आदेश के बाद जांच सीबीआई को सौंप दी गई, जिसके बाद सीबीआई ने जांच तेज करते हुए यह गिरफ्तारी की है.

## नंदीग्राम उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस को नहीं मिल रहा प्रत्याशी

# पवित्र कर और शेख सुफियान ने लड़ने से किया इनकार




**कोलकाता:** विधानसभा उपचुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. फलता उपचुनाव में खराब प्रदर्शन और जमानत जब्त होने के बाद अब नंदीग्राम में पार्टी के कई नेता चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं. सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव में हार के बाद पवित्र कर ने नंदीग्राम से फिर चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया है. इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने नंदीग्राम के पुराने तृणमूल नेता शेख सुफियान से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी उपचुनाव लड़ने का प्रस्ताव ठुकरा दिया. ऐसे में तृणमूल के सामने योग्य प्रत्याशी तलाशना बड़ी चुनौती बन गया है. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट बरकरार रखते हुए नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है. संवैधानिक नियमों के तहत उनके इस्तीफे के बाद अब वहां उपचुनाव होना तय है. विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से करीब 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की थी. बताया जा रहा है कि तृणमूल के राज्यस्तरीय नेता शेख सुफियान के नंदीग्राम स्थित घर पहुंचे थे और उन्हें प्रत्याशी बनने का प्रस्ताव दिया था. हालांकि सुफियान ने न सिर्फ प्रस्ताव ठुकरा दिया, बल्कि पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी भी जताई. उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी परिवार के खिलाफ लगातार बोलने के लिए उन्हें उकसाया गया, लेकिन बाद में पार्टी नेतृत्व ने कोई संपर्क नहीं रखा. एक समय शुभेंदु अधिकारी के मुखर विरोधी रहे सुफियान ने अब उनके संगठनात्मक कौशल और प्रशासनिक क्षमता की खुलकर प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी सफल साबित हो सकते हैं और नंदीग्राम के विकास के लिए भी काफी काम करेंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अब प्रत्यक्ष राजनीति से दूरी बनाए रखना चाहते हैं. उल्लेखनीय है कि शेख सुफियान लंबे समय तक नंदीग्राम में तृणमूल का प्रमुख चेहरा रहे हैं. वर्ष 2006 के विधानसभा चुनाव में वह तृणमूल प्रत्याशी भी बने थे, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. बाद में पंचायत चुनाव जीतकर वह जिला परिषद के कर्माध्यक्ष बने थे.

# गंगा समग्र दक्षिण बंगाल द्वारा गंगा दशहरा महोत्सव



युवा शक्ति न्यूज

**हावड़ा :** पुण्य सलिला पापनाशिनी जाह्नवी भागीरथी माँ गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा महोत्सव शिवपुर लांच घाट हावड़ा में गंगा समग्र दक्षिण बंगाल द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर वैदिक विद्वानों द्वारा पंचांग पूजन के साथ माँ गंगा का विधिवत पूजन किया गया. समारोह के यजमान सजन कुमार बंसल के प्रतिनिधि द्वारा माँ गंगा के सहस्र नाम से 1000 कमल के फूल और सिन्दूर द्वारा अर्चन किया गया. काशी के पांच विद्वानों ने दिव्य गंगा महाआरती किया. समारोह की अध्यक्षता गंगा समग्र पश्चिम बंगाल के संरक्षक आचार्य डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय ने किया. स्वागत भाषण एवं संस्था का परिचय गंगा समग्र दक्षिण बंगाल के आरती प्रमुख रमाकांत पण्डित ने दिया. अतिथियों का अभिनन्दन संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया. इस अवसर पर



विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक पूर्वक्षेत्र श्री रमापद पाल ने गंगा की महिमा का वर्णन किया. विशिष्ट अतिथि ब्रिगेड परेड मैदान में 2023 में आयोजित लक्ष कण्ठे और 2025 में आयोजित पांच लाख कण्ठे गीता पाठ के मुख्य सूत्रधार एवं प्रेम मन्दिर रिसड़ा के स्वामी श्री निर्गुणानन्द जी महाराज ने माँ गंगा के अवतरण के साथ ही निर्मल गंगा अविरल गंगा पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि सनातन संस्कृति संसद के उपाध्यक्ष स्वामी श्री सर्वानंद अवधूत ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया. समारोह अध्यक्ष गंगा समग्र पश्चिम बंगाल के संरक्षक आचार्य डॉ राकेश कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय भाषण दिया. आभार ज्ञापन संजय उपाध्याय ने किया. समारोह का मुख्य आकर्षण मुम्बई से पधारे अंतरराष्ट्रीय सुन्दरकाण्ड भजन गायक पं प्रेम प्रकाश दुबेजी ने गंगा महिमा गायन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया. भजन गायिका रंजना तिवारी और गणेश चौरसिया ने भी अपने कर्णप्रिय भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया. मंच का कुशल संचालन श्री महावीर रावत ने किया. घाट पर बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा भक्त उपस्थित थे. इस अवसर पर कुलदीप माइती, विनय दुबे, मनोज तिवारी, विकास धनानियां, उदित खेरिया, बसन्त सेठिया, विजय पाण्डेय, डॉ यश खेरिया, महेश केडिया, राजू लाठ, जतिन सेवक, अपूर्वा पाण्डेय, सोमनाथ अड्डुकिया, चिराग जी सहित अनेकानेक गणमान्य विशिष्टजन उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगा समग्र दक्षिण बंगाल के रामकिशुन साव, राजेश पाण्डेय, विकास सिंह, पीतमदास, पंकज साव, विवेक चौबे, गीता देवी पण्डित, चित्रा राय, रूबी पाण्डेय की भूमिका उल्लेखनीय रही.

### पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी तृणमूल नेता के घर से नकदी, हथियार और भारी मात्रा में कारतूस बरामद

**कोलकाता:** उत्तर 24 परगना जिले के मछलंदपुर इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता के घर से भारी मात्रा में नकदी, हथियार और कारतूस बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. अजीत साहा और उनके भाई सुजीत कुमार साहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. अजीत साहा को राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है. जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात गोबरडांगा थाना की पुलिस ने मछलंदपुर स्थित अजीत साहा और उनके भाई के घर पर छापेमारी की. लंबे समय तक चली तलाशी के दौरान पुलिस ने घर से 27 लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद की. इतनी बड़ी रकम घर में क्यों रखी गई थी और उसका स्रोत क्या था, इस संबंध में दोनों आरोपित कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. पुलिस ने तलाशी के दौरान घर से कुल 626 राउंड गोलियां, 61 खाली कारतूस, एक 7-एमएम पिस्तौल और एक एयरगन भी बरामद की. इसके अलावा 52 बोतल विदेशी शराब भी जब्त की गई हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बरामद हथियार, गोलियां और नकदी के संबंध में भी आरोपित स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए.

# बंगाल में विपक्ष के नेता का दर्जा नहीं मिलने पर विधानसभा में स्पीकर कक्ष के बाहर धरने पर बैठे तृणमूल विधायक



**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया. पार्टी ने आरोप लगाया कि विधानसभा सचिवालय ने अब तक शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता का आधिकारिक दर्जा नहीं दिया है. इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे कुणाल घोष और शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने स्पीकर से मुलाकात नहीं होने पर उनके कक्ष के बाहर धरने पर बैठ गए. तृणमूल नेताओं का कहना है कि 18वीं विधानसभा के गठन और पहले सत्र के संपन्न होने के बावजूद विपक्ष के नेता को न तो औपचारिक मान्यता मिली है और न ही उनके लिए निर्धारित कक्ष आवंटित किया गया है. बुधवार शाम बालीगंज विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय और बेलियाघाटा विधायक कुणाल घोष विधानसभा भवन में स्पीकर रथीनाथ बसु से मुलाकात करने पहुंचे थे. हालांकि, उनका दावा है कि स्पीकर ने मिलने का समय नहीं दिया. इसके बाद दोनों नेता स्पीकर कक्ष के बाहर बैठ गए और विधानसभा सचिवालय के रवैये पर नाराजगी जताई. कुणाल घोष ने विधानसभा के एक अधिकारी से नाराजगी जताते हुए कहा कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय विपक्ष के नेता हैं. 36 वर्षों से विधायक हैं. फिर भी उन्हें कमरा नहीं दिया जा रहा. उनके पत्र की प्राप्ति रसीद तक नहीं दी जा रही है. सचिवालय की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा. संसदीय दल की बैठक तक नहीं हो पा रही है. तृणमूल नेताओं ने सवाल उठाया कि जब स्पीकर और मुख्यमंत्री के कक्ष तैयार हो चुके हैं, तब विपक्ष के नेता के लिए कमरा अब तक क्यों तैयार नहीं किया गया. कुणाल घोष ने इसे संसदीय शिष्टाचार का मामला बताते हुए स्पीकर से मुलाकात नहीं होने पर भी नाराजगी जताई. तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि 13 मई को पार्टी की ओर से स्पीकर को पत्र भेजकर 80 विधायकों के समर्थन के साथ शोभनदेव चट्टोपाध्याय को संसदीय दल का नेता घोषित किए जाने की जानकारी दी गई थी. इसके बावजूद उन्हें अब तक विपक्ष के नेता का दर्जा नहीं मिला है. उल्लेखनीय है कि, 294 सदस्यीय विधानसभा में विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए कम से कम 30 विधायकों का समर्थन आवश्यक होता है.

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_25_2025-26_आर2, दिनांक 22.05.2026, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** लिलुआ-एल-शॉप में आईसीएफ एसी एवं नॉन-एसी कोचों के पीओएच के लिए बे-2/एल, बे-4/एल और बे-4/ट्रॉली रिपेयर सेक्शन में प्रत्येक पिलर पर 110 वो. एसी सप्लाई का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 22,54,516.26, **बयाना राशि :** रु.45,100/- **निविदा के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहां निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-52/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बैंक ऑफ इंडिया में राजभाषा सम्मेलन सह समीक्षा बैठक का भव्य आयोजन

## राजभाषा कार्यान्वयन, नेतृत्व विकास एवं आधुनिक तकनीकी नवाचारों पर हुआ मंथन

युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता :** बैंक ऑफ इंडियाके राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा दिनांक 25 एवं 26 मई 2026 को स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय, कोलकाता में दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन सह समीक्षा बैठक का गरिमामय आयोजन किया गया. कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न अंचलों, प्रशिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों से आए अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ. उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजीव मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित रहे. अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने बैंकिंग कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग, तकनीक आधारित कार्यसंस्कृति तथा ग्राहक सेवा में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया. उन्होंने कहा कि राजभाषा का प्रयोग केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति एवं जनसंपर्क का सशक्त माध्यम है. विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार सिंह,



महाप्रबंधक, एफजीएमओ कोलकाता ने राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी अंचलों से नवाचार एवं गुणवत्ता आधारित कार्यप्रणाली अपनाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक श्री विचित्रसेन गुप्तने राजभाषा नीति, त्रिभाषा सूत्र एवं सरकारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया. उन्होंने राजभाषा हिंदी को प्रशासनिक दक्षता एवं जनसंपर्क की भाषा बताते हुए उसके व्यापक प्रयोग पर बल दिया. उद्घाटन सत्र में श्री अमित सिंह, उप-महाप्रबंधक द्वारा स्वागत भाषण एवं सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) सुश्री मऊ मैत्रा द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर वार्षिक कार्ययोजना एवं संदर्भ साहित्य का विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अंचलों एवं कार्यालयों कोराजभाषा शील्ड पुरस्कार 2025-26, स्टार नराकास शील्ड पुरस्कारतथा गृह पत्रिका सम्मान प्रदान किए गए. पुरस्कार वितरण समारोह ने प्रतिभागियों में विशेष उत्साह एवं प्रेरणा का वातावरण निर्मित किया. द्वितीय दिवस पर विभिन्न समसामयिक एवं ज्ञानवर्धक विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए. प्रसिद्ध कॉर्पोरेट प्रशिक्षक श्री राहुल बोस ने व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता प्रबंधन विषय पर प्रभावशाली एवं सहभागितापूर्ण सत्र प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया. इसी क्रम में श्री सत्येंद्र शर्मा, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), यूको बैंक ने आधुनिक टूल्स की सहायता से पत्रिका डिज़ाइन विषय पर अत्यंत व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी साझा की. उनके सत्र में आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, रचनात्मक प्रस्तुतीकरण एवं आकर्षक डिज़ाइन तकनीकों पर विशेष चर्चा की गई, जिससे प्रतिभागी अत्यंत लाभान्वित हुए. इसके अतिरिक्त श्री पी.के. गिरी, मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा बैंक में अनुपालन का महत्व विषय पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया. वहीं श्री अभिजीत बोस, मुख्य महाप्रबंधक ने बैंक की अपेक्षाएँ एवं कर्तव्य विषय पर अधिकारियों को प्रेरित करते हुए संगठनात्मक मूल्यों एवं उत्तरदायित्वों पर अपने विचार व्यक्त किए. मंच संचालन श्री अमरीश कुमार, मुख्य प्रबन्धक राजभाषा, प्रधान कार्यालय द्वारा किया गया. कार्यक्रम के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं में श्री प्रतीक कुमार दास, प्राचार्यतथा प्रबन्धक राजभाषा श्रीमती ज्योति गुप्ता,स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय, कोलकाता एवं संपूर्ण आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही. दो दिवसीय यह सम्मेलन राजभाषा संवर्धन, प्रशासनिक दक्षता, नेतृत्व विकास एवं तकनीकी नवाचारों का प्रभावी संगम सिद्ध हुआ.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना

युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है

(साइज 12x8)

सम्पर्क :

मो. : 9831572125, 9831494084

www.yuvashakti.news.com

email: yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज कॉर्नर

### जेल में बंद आजसू नेत्री रजनी रवानी से मिले सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी



**धनबाद :** लोयाबाद बांसजोड़ा गोलीकांड मामले में जेल में बंद आजसू पार्टी की नेत्री रजनी रवानी से बुधवार को मिलने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी धनबाद मंडल कारा पहुंचे. इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई समर्थक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद ने धनबाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था अंग्रेजी शासन जैसी हो गई है. सांसद ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए.उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया गया है. साथ ही चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर निर्दोषों को राहत नहीं दी गई तो आजसू पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी.

### बरहेट में जहरीले सांप का कहर : मासूम बच्ची की मौत, एक किशोर रेफर



**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड में बुधवार को थाना क्षेत्र में सांप के डंसने की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया. एक ओर जहां छह वर्षीय मासूम बच्ची की इलाज से पहले ही मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर एक किशोर की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है.जानकारी के अनुसार रक्सी गांव निवासी दीवू मुर्मू की पुत्री सोनिया मुर्मू बुधवार की शाम घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी. खेल के दौरान उसे किसी जहरीले सांप अथवा विषैले जीव ने डंस लिया. बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी. इसके बाद परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया. मासूम की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है.इधर दूसरी घटना लखीपाएट्टा गांव की बताई जा रही है. यहां 14 वर्षीय गुंजन मालतो ढोबडीहा स्थित पत्थर क्रेशर के समीप सांप के डंसने से बेहोश हो गया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया.एक ही दिन में सांप काटने की दो घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है.

### श्री श्री 108 सार्वजानिक महाविष्णु यज्ञ एवं नाम संकीर्तन को लेकर क्षेत्र भक्तिमय बना रहा



**तालझारी :** प्रखंड के अंतर्गत महाराजपुर पुराना भटटा , कुमारी पोखर,( धनबाद) में श्री श्री 108 सार्वजानिक तीन दिवसीय महाविष्णु यज्ञ एवं नाम संकीर्तन को लेकर क्षेत्र भक्तिमय बना रहा.दुसरे दिन बुधवार की सुबह यज्ञ में क्षेत्र के आसपास के श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा की. आयोजक कार्यकर्ताओं ने बताया कि धनबाद भट्ठा में पिछले चार वर्षो से यहां भव्य व भक्ति पुर्ण माहौल में महाविष्णु यज्ञ का आयोजन हो आ रहा है इस वर्ष भी महा विष्णु यज्ञ को लेकर मुख्य जजमान रविशंकर उपाध्यक्ष चौधरी बाबा, अजबलाल बाबा, केशों बाबा , फुलक बाबा के द्वारा यज्ञ करा में जुटे हुए हैं.कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष सुदाम मंडल, सचिव रुद्दल चौधरी कोषाध्यक्ष भुट्ट महतो, त्रिलोकी महतो, महराज महतो, बबलू चौधरी,राज कुमार चौधरी, कुमकरण महतो बलीराम महतो लालू महतो, संजय चौधरी, मिथुन चौधरी,मानीक चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी, बिहारी महतो दिलीप महतो राज कुमार महतो सहित अन्य ग्रामीण का जुटे हुए है.

### पुरुषोत्तम एकादशी पर निकली खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान शोभायात्रा



**साहिबगंज :** पुरुषोत्तम मास की एकादशी के अवसर पर बुधवार को मारवाड़ी समाज की ओर से खाटू वाले श्याम बाबा की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई. राजस्थानी वेशभूषा में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ नगर भ्रमण किया. शोभायात्रा की शुरुआत चौक बाजार स्थित डाकिनाथ मंदिर की ठाकुरबाड़ी से हुई. मारवाड़ी समाज के पुरोहित महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में निकली यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दहला स्थित पुरुषोत्तम गली पहुंची जहां खाटू श्याम बाबा के शीश की स्थापना की गई है. श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा की परिक्रमा की तथा प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान खाटू श्याम बाबा मंदिर के पुरोहित सोनू पांडे ने पुरुषोत्तम मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह माह दान और पुण्य का प्रतीक माना जाता है. उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण वर्ष के बारहों महीने सवा मन सोना दान किया करते थे और पुरुषोत्तम मास में किया गया दान विशेष फलदायी माना जाता है. उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील भी की. निशान यात्रा चौक बाजार, महात्मा गांधी चौक, जैन राय रोड, महाजन पट्टी, गुड़ बाजार और धर्मशाला चौक होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने अपने-अपने निशान और ध्वज की पूजा कर उन्हें खाटू श्याम बाबा के दरबार में समर्पित किया. पूरे आयोजन के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा.

### पूर्व मेदिनीपुर में साइबर फ्रॉड

**मेदिनीपुर:** पूर्व मेदिनीपुर जिले के सुताहाटा थाना की साइबर टीम को बड़ी सफलता मिली है. साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के करीब 11 लाख रुपये में से नौ लाख रुपये पुलिस ने बरामद कर पीड़ित को वापस लौटा दिया.पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुताहाटा थाना क्षेत्र के एक निवासी के साथ साइबर ठगी की घटना हुई थी. शिकायत मिलने के बाद थाना की साइबर टीम ने तुरंत जांच शुरू की. तकनीकी जांच और लगातार प्रयास के जरिए पुलिस ठगी की रकम में से नौ लाख रुपये बरामद करने में सफल रही.

# बरौनी रिफाइनरी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फैलाई मुस्कान

## लड़कियों को स्वच्छता किट स्कूल बैग मिला उपहार

**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** बेगूसराय के कंकौल में बच्चियों के लिये मंगलवार को एक सरकारी बोर्डिंग स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के गलियारे हंसी और खुशी से गूंज उठे, जब बरौनी रिफाइनरी ने इंडियन ऑयल की दिल से की गई पहल स्माइल्स वी स्प्रेड को आगे बढ़ाया. बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, सत्य प्रकाश और उनकी पत्नी डा. सुष्मिता प्रकाश के नेतृत्व में इस पहल ने इंडियन ऑयल की देखभाल और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति गहरे संकल्प को प्रदर्शित किया. कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस, एवं एलएंडडी) पी.के. नाथ, उप-महाप्रबन्धक(ईएमएस, एमएस, एवं एलएंडडी) राधे श्याम प्रसाद, और मैनेजमेंट टीम के अन्य सीनियर सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने छोटी बच्चियों के लिये इस दिन को यादगार बनाने के लिये सहयोग दिया.इस पहल से 10 से 14 साल की लगभग 100 बच्चियों को खुशियां बांटी गई, जिनकी स्कूल में देखभाल की जाती है. उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाने और पूरी तरह से आगे बढ़ने के लिये, लड़कियों को स्वच्छता किट, स्पोर्ट्स किट, दैनिक जीवन के समान, स्टडी किट और स्कूल बैग उपहार में दिये गये. इनडोर गेम्स जैसे लूडो, शतरंज और कैरम के अलावे आउटडोर गेम्स जैसे बास्केटबॉल, फुटबॉल,क्रिकेट बैट और बैडमिंटन रैकेट भी उपहारों में शामिल थे. ये संसाधन बच्चियों को सक्रिय रहने, आत्मविश्वास बढ़ाने और पढ़ाई व खेल के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाने के अवसर प्रदान करेंगे.



बिहार के बेगूसराय में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुफ्त आवासीय विद्यालय हैं, जिन्हें विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि की बच्चियों जिनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक और गरीबी रेखा से नीचे की बच्चियों के लिये डिजाइन किया गया है. इन संस्थानों का उद्देश्य शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, रहने-खाने की सुविधा, यूनिफॉर्म और पढ़ाई का सामान उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है.

बरौनी रिफाइनरी ने बच्चों और संरक्षक टीम दोनों के लिये मुफ्त मेडिकल चेक-अप कैंप भी आयोजित किया, ताकि यह सामाजिक पहल लगातार आगे बढ़ती रहे और उनका स्वास्थ्य उत्तम रहे.इस दिन का सबसे खास पल लड़कियों की प्रतिक्रिया थी. चेहरे पर खिली मुस्कान के साथ, उन्होंने टीम के सदस्यों से बड़े ही आत्मीय भाव से बातचीत की और एक मधुर मिथिला गीत के माध्यम से अपना आभार व्यक्त किया, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक गौरव और सहज मासूमियत से भर गया.

स्माइल्स वी स्प्रेड पहल के माध्यम से बरौनी रिफाइनरी ने एक बार फिर इंडियन ऑयल के मूल मूल्य 'देखभाल' को प्रदर्शित किया है,जिसके तहत स्नेह, खुशी और उम्मीदें फैलाई जाती हैं, और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सच्चे अर्थों में जिया जाता है.

### जिला परिषद सदस्य सनत मंडल गिरफ्तार

**पूर्वी बर्धमान:**पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था और जन प्रतिनिधियों पर लग रहे आरोपों के बीच एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है. इस बार पुलिस ने एक जिला परिषद सदस्य को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किया है. दुष्कर्म (बलात्कार) और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पूर्व बर्धमान जिला परिषद के सदस्य सनत मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. धृत (आरोपी) सनत मंडल बर्धमान 2 नंबर ब्लॉक के गोविंदपुर इलाके के रहने वाले हैं.शक्तिगढ़ थाना पुलिस ने शुरू की जांच, अदालत में किया गया पेशपुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सनत मंडल के खिलाफ एक महिला से दुष्कर्म करने और मामले को दबाने के लिए उसे जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप दर्ज कराया गया था. शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए शक्तिगढ़ थाने की पुलिस ने आरोपी नेता को धर दबोचा. बुधवार को आरोपी सनत मंडल को कड़ी सुरक्षा के बीच बर्धमान अदालत में पेश किया गया. पीड़िता का बयान दर्ज कराने के साथ ही आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है.

### बीरभूम में कई तृणमूल नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती

**बीरभूम :** राज्य सरकार की ओर से जिले के कई प्रमुख तृणमूल कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है. पहले जिन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, अब उनकी सुरक्षा घटाकर सामान्य कर दी गई है.सूत्रों के अनुसार, बीरभूम के चर्चित नेता अनुव्रत मंडल की सुरक्षा सबसे पहले कम की गई है. पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा के साथ घर पर सशस्त्र गार्ड और अन्य सुरक्षा कर्मी तैनात रहते थे. अब उनकी सुरक्षा केवल एक सशस्त्र सुरक्षा कर्मी करेंगे.इसी तरह, जिला परिषद के सभाधिपति और विधायक काजल शेख की सुरक्षा में भी बदलाव किया गया है. उनकी पायलट और एस्कॉर्ट सहित अतिरिक्त सुरक्षा हटा ली गई है. अब उन्हें केवल दो सशस्त्र सुरक्षा कर्मी मिलेंगे.पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक चंद्रनाथ सिन्हा की सुरक्षा भी कम कर दी गई है. मिलती थी, कर्मी तैनात रहेंगे.बताया जा रहा है कि यह नया सुरक्षा ढांचा मंगलवार रात से ही लागू कर दिया गया है.

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री राजीव रंजन की अध्यक्षता में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले के सभी बीडीओ एवं सीओ के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक प्रखंड में संबंधित बीडीओ नोडल पदाधिकारी होंगे. जिला स्तर पर विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा, जिसकी मॉनिटरिंग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी की जाएगी. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड में 31 मई 2026 तक लीड फेसिलिटेटर का चयन सुनिश्चित किया जाए. लीड फेसिलिटेटर स्वच्छ भारत मिशन एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क के प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे तथा आमजन के बीच बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कचरा पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण के लाभों की जानकारी देंगे. बैठक में प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल ऑफिसर चिन्हित करने के भी निर्देश



दिए गए. वार्ड नोडल ऑफिसर को बल्क वेस्ट जेनरेटर की पहचान कर जून 2026 तक उसकी सूची उपलब्ध करानी है. साथ ही बल्क वेस्ट जेनरेटर को चार प्रकार के डस्टबिन रखने के संबंध में जागरूक किया जाएगा, ताकि सैनिटरी, गीला, सूखा एवं अन्य कचरे का पृथक्करण स्रोत स्तर पर ही सुनिश्चित किया जा सके. स्थानीय स्तर पर ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया जाएगा जिससे हाट-बाजार में नियमित एवं वैज्ञानिक तरीके से कचरा संग्रहण एवं निष्पादन सुनिश्चित हो सके. उपायुक्त ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों को लक्षित किया गया है. उन्होने पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता पर बल दिया. उपायुक्त ने सभी सीओ को प्राथमिकता के आधार पर भूमि चिन्हित एवं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर सेग्रिगेशन सेंटर तथा प्लास्टिक वेस्ट सेग्रिगेशन सेंटर स्थापित किए जा सकें. बैठक में उप विकास आयुक्त, उप नगर आयुक्त जेएनएसी व अन्य नगर निकाय पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे वहीं बीडीओ, सीओ ऑनलाइन जुड़े.

### एसडीपीओ के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च



**महेशपुर (पाकुड़):** आगामी ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ विजय कुमार ने किया. फ्लैग मार्च में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, थाना प्रभारी रवि शर्मा के अलावे पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे. इस दौरान पुलिस ने बाजार, मुख्य चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए लोगों से शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है.फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही गई. वहीं सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों पर भी प्रशासन की नजर बनी हुई है. पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी. असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके.

## कई वार्डों का होगा विकास, अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**पाकुड़:** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड में 9,10,14 के सर्वांगीण विकास और बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार की देर शाम बड़ा कदम उठाया गया.नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल,उपाध्यक्ष राणा ओझा एवं कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी एवं उक्त वार्ड के पार्षद विमल चंद्र राउत,गुड्डू कुमार भगत,मो मुस्ताक अंसारी ने लगभग 83 लाख 4 हज़ार 79 रुपए की लागत से बनने वाली चार रोड एवं नाली निर्माण कार्य विधिवत शिलान्यास संयुक्त रूप से हर योजना स्थल पर फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया.मौके पर वार्ड पार्षद निभा देवी,पूनम देवी,तनु दास, अनिकेत गोस्वामी,रियाज अंसारी,राखी सरदारनी,कृष्णा शर्मा,विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद मौजूद थे.

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि जनहित को देखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में नए रास्ते को एक स्थान से दूसरे स्थान तक



जोड़ने तथा आसानी तक गंतव्य स्थान पर पहुंचाने के लिए नए रास्ते के निर्माण योजना बनाई गई थी,जिससे आमजनों को आवागमन की सुविधा मिले एवं जाम की समस्या से निजात मिल सके तथा संपर्क भी हो सके.

मौके पर उपस्थित नगर परिषद के उपाध्यक्ष राणा ओझा ने कहा कि पाकुड़ नगर परिषद की ओर से नए रोड एवं नालियों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया है. इस निर्माण कार्य से जनता को नया रोड मिलेगा व जल जमाव एवं तथा कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी.मौके पर उपस्थित संवेदक तथा विभागीय अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर परिषद की ओर से चल रहे कोई भी कल्याणकारी योजनाओं तथा निर्माण कार्यो के गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, इसलिए सभी अभियंता निर्माण कार्य स्थल पर मौजूद रहकर योजनाओं को मूर्त रूप दें.

### थाना पुलिस एवं प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़):** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को लिट्टीपाड़ा थाना पुलिस एवं प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया.फ्लैग मार्च लिट्टीपाड़ा थाना परिसर से प्रारंभ होकर करियोड़ीह, बादल चौक, करणघाटी, बड़ा सहरसा, पतला पड़ा तथा फूल पहाड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा. इस दौरान पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की.प्रशासन की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, और ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.जवान एवं प्रशासनिक कर्मी मौजूद रहे.

### गंगा नदी में डूबने से 19 वर्षीय युवक लापता, तलाश जारी; दोस्तों से पूछताछ में जुटी पुलिस

**हावड़ा (श्यामपुर):**हावड़ा के श्यामपुर थाना अंतर्गत बेलारी इलाके में गंगा नदी के पानी में बह जाने से एक 19 वर्षीय युवक लापता हो गया है. लापता युवक की पहचान उद्धव बर (19) के रूप में हुई है. घटना को बीते लगभग 24 घंटे से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक इस किशोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है.पारिवारिक और पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हावड़ा के राजापुर थाना क्षेत्र के कमलाचक का रहने वाला उद्धव मंगलवार दोपहर को अपने तीन दोस्तों के साथ घर से बाहर निकला था. उसने घर पर बताया था कि वह अपने दोस्तों के साथ बागनान में मोबाइल फोन ठीक कराने (रिपेयर कराने) जा रहा है. इसके बाद, मंगलवार की शाम को अचानक परिजनों को खबर मिली कि उद्धव गंगा नदी के गहरे पानी में बह गया है. इस खबर के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है.हादसे की सूचना मिलते ही श्यामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची.

नदी के पानी में लापता युवक को ढूंढने के लिए आपदा प्रबंधन की टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सघन तलाशी अभियान (रेस्क्यू ऑपरेशन) चलाया जा रहा है. चूंकि मामला संदिग्ध लग रहा है, इसलिए पुलिस घटना के समय उद्धव के साथ मौजूद उसके तीनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे सभी बागनान जाने के बजाय बेलारी में नदी किनारे कैसे पहुंचे और यह घटना असल में कैसे घटी. फिलहाल युवक की तलाश सरगर्मी से जारी है.

## फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, विजेता उपविजेता टीम को किया राजद जिला अध्यक्ष ने किया पुरस्कृत

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़):** लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत कर्माटाड़ पंचायत के तेलोपाड़ा गांव में आयोजित भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन उत्साह एवं खेल भावना के माहौल में हुआ. प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए ऋउ मिलन टीम ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. वहीं ऋउ टावर चौक टीम उपविजेता रही. फाइनल मैच का उद्घाटन राजद जिला अध्यक्ष महावीर मढ़ैया, राजद किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मरांडी एवं राजद लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मढ़ैया ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर किया. इस अवसर पर अतिथियों का पारंपरिक



नृत्य, फूल-माला एवं गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया.

फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया. अंततः ऋउ मिलन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया. विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15,000 की नकद राशि प्रदान की गई. वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली ऋउ टावर चौक टीम को 12,000 की सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया.टूर्नामेंट को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे. लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया तथा क्षेत्रीय समस्याओं को भी नेताओं के समक्ष रखा. ग्रामीणों ने पानी एवं सड़क की समस्या से अवगत कराया, जिस पर राजद जिला अध्यक्ष महावीर मढ़ैया ने कहा कि इस संबंध में उपायुक्त महोदय से बातचीत की गई है और जल्द ही समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा.कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजनकर्ता प्रभुदास पहाड़िया, गबरियल पहाड़िया, रामा पहाड़िया, ग्रामप्रधान बागा पहाड़िया सहित सभी ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पूरे आयोजन में खेल, संस्कृति और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली.

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर अमन-शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की



**जमशेदपुर :** बकरीद पर्व को लेकर जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरंजन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. इस दौरान पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और बस्तियों में गश्ती कर लोगों को शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया. फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि बकरीद खुशियों, आपसी प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जिसे सभी को मिल-जुलकर और शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए. उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सामाजिक सद्भाव बनाए रखें. उन्होंने यह भी कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. किसी भी असामाजिक तत्व या असंवैधानिक गतिविधि को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके.

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी :** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर ने बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का बेमिसाल काल बताते हुए गया जी की पावन धरती से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं.आज देश का हर वर्ग सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है और भारत विश्व मंच पर मजबूती के साथ अपनी पहचान बना रहा है.डॉ मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है.गरीबों के कल्याण के लिए चलायी गई जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी



योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है.पहले जो सुविधाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित थीं, आज वे गांव-गरीब तक पहुंच रही हैं.यही सच्चे अर्थों में सुशासन का परिचायक है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज रक्षा के क्षेत्र में भी पहले से कहीं अधिक मजबूत और सुरक्षित हुआ है.जमीन से लेकर आकाश तक देश की सुरक्षा व्यवस्था सशक्त हुई है.भारतीय सेना को आधुनिक हथियारों और तकनीकों से लैस किया गया है.आज भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है.देश ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं, जिससे दुनिया भारत की सामरिक शक्ति को सम्मान की दृष्टि से देख रही है.डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है.

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जा रहा है.प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक शक्ति और आर्थिक क्षमता के बल पर विश्व में नई पहचान बनाई है.शहर पावन धरती से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत विश्व इतिहास में और भी स्वर्णिम अध्याय लिखेगा.

## न्यूज कॉर्नर

### जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा राजेंद्र आश्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के सजग प्रहरी एवं भारत रत्न से सम्मानित पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मनाई गई.इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी और देश को विकास एवं लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ाया.धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, उद्योग और सामाजिक विकास को जो मजबूत आधार उन्होंने देश को दिया, वही आज भी भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है.उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा.उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी.इस अवसर पर विद्या शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, टिंकू गिरी, अशोक प्रसाद भारती, कमलेश चंद्रवंशी, दामोदर गोस्वामी, युगल किशोर सिंह, अर्जुन गुप्ता, शिवनाथ प्रसाद, सुनैना रानी, अंजनी, कौशल अग्रवाल, सैयद नयाज असरफ सहित श्रद्धांजलि अर्पित किया.

### श्रद्धालुओं की ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसा हुआ.आईमा मंदिर के पास राजगीर मलमास मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी.इस दुर्घटना में लगभग 10 से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है.ट्रक चालक मौके से फरार हो गया.सभी घायल गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र स्थित बहादुर बीघा गांव के निवासी हैं.यह परिवार राजगीर मलमास मेला देखकर ऑटो से अपने घर लौट रहा था, तभी आईमा मंदिर के समीप यह हादसा हुआ.हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे.उन्होंने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायलों को निजी टेंपो और मोटरसाइकिल से खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.घायलों में बिंदी देवी (पति अजय यादव) और ममता देवी (पति अखिलेश यादव) की हालत गंभीर बताई जा रही है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम सभी घायलों का इलाज कर रही है.घटना की सूचना मिलते ही खिजरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी.थाना प्रभारी दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सभी पहलुओं की जांच कर रही है.पुलिस फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है.

### परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया** : जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशनानुसार बुधवार को सीटी द्वारा बिहार पुलिस अवर निरीक्षक परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर गया कॉलेज, गया, +2 हरिदास सेमिनरी कॉलेज तथा महावीर इंटर कॉलेज, गया स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षा निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके.

### विशेष जन–जागरूकता अभियान चलाया गया

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में ट्रेनिंग आईपीएस सह थानाध्यक्ष, मुफस्सिल थाना के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता को लेकर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.इस अभियान के माध्यम से आमजन, युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है.साथ ही लोगों को सुरक्षित, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया जा रहा है.

### स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर 40 लाख रुपये के आभूषण 5 लाख रुपये नकद की हुई लुट

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** जिले के गुरुआ बाजार में बुधवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी प्रभाकर वर्णवाल को गोली मारकर करीब 40 लाख रुपये के आभूषण और 5 लाख रुपये नकद लूटने की घटना को अंजाम दिया है.घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.बताया जा रहा है कि एस ब्रदर्स ज्वेलर्स के संचालक प्रभाकर वर्णवाल दुकान बंद कर घर लौट रहे थे.इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार की संख्या में रहे अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी.बदमाशों ने करीब छह राउंड गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली व्यवसायी के पैर में लगी.गोली लगते ही व्यवसायी घायल होकर गिर गया और अपराधी जेवरात व नकदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए.घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घायल व्यवसायी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया.घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है.

### लोजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के पिताजी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह



**औरंगाबाद:** ( बिहार ) रफीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सकिरगंज निवासी एवं लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष, विनोद दास के पिताजी तथा अवकाश प्राप्त सैनिक, स्वर्गीय जनेश्वर दास के श्राद्ध कर्म में बुधवार दिनांक - 27 मई 2026 को रफीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या - 224 के पूर्व लोजपा ( रामविलास ) प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह शामिल होकर उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया, तथा ईश्वर से उनकी आत्मा शांति प्रदान करने हेतु अनुरोध भी किया! ध्यातव्य हो कि इस आयोजित श्राद्ध कर्म में लोजपा ( रामविलास ) के पूर्व रफीगंज प्रत्याशी, मनोज कुमार सिंह के अलावे कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र संख्या - 222 ( सुरक्षित सीट ) के पूर्व लोजपा ( रामविलास ) प्रत्याशी, सरूण पासवान, लोजपा ( रामविलास ) के वरीय नेता वीरेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता एवं नगर - पंचायत, रफीगंज के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी, संतोष साव, कांग्रेस पार्टी के रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष, सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के भी लोग शामिल होकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया!

### सिलिकोसिस प्रभावित व्यक्तियों की जांच अब 28 नहीं 30 मई को होगी

**जमशेदपुर** : एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर द्वारा सिलिकोसिस बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों एवं मृत व्यक्तियों के आश्रितों की जांच हेतु गठित मेडिकल बोर्ड की बैठक की तिथि पुनर्निर्धारित की गई है. अधीक्षक, एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित तिथि 06 मई 2026 को संबंधित व्यक्तियों की अनुपस्थिति के कारण जांच की कार्रवाई संपन्न नहीं हो सकी थी. अब मेडिकल बोर्ड की बैठक दिनांक 30 मई 2026 को अपराह्न 01 बजे एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी. पूर्व में निर्धारित की गयी 28 मई की जाँच को सरकारी कार्यालयों में अवकाश होने के कारण आगे बढ़ाया गया है. संबंधित सिलिकोसिस प्रभावित व्यक्तियों एवं मृतक के आश्रितों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि (30 मई) एवं समय (01 बजे) पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर जांच प्रक्रिया में भाग लें.

# सरकारी भूमि से अवैध निर्माण हटाने पर सख्त हुआ आसनसोल निगम

**आसनसोल :** सरकारी जमीन पर बढ़ते अवैध कब्जों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ आसनसोल नगर निगम ने अब सख्त रुख अपना लिया है. निगम प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इसी क्रम में जीटी रोड स्थित आश्रम मोड़ इलाके में एक बड़े ध्वस्तीकरण अभियान की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसे लेकर इलाके में हलचल तेज हो गई है.नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह मामला आश्रम मोड़ स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने किए गए कथित अवैध निर्माण से जुड़ा हुआ है. इस संबंध में वार्ड संख्या 43 के तालपुकुरिया बायलेन क्षेत्र के कई स्थानीय निवासियों ने सामूहिक शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य होने से आम लोगों के आवागमन में गंभीर समस्या पैदा हो रही है और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है.शिकायत मिलने के बाद नगर निगम



की तकनीकी टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया. जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि संबंधित स्थान पर बिना किसी वैध अनुमति के स्थायी ढांचा खड़ा किया गया है. निगम प्रशासन ने इसे नगर नियोजन नियमों और सरकारी भूमि संरक्षण कानून का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया.नगर निगम के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, संबंधित अवैध निर्माण को 31 मई 2026, शनिवार को सुबह 11:30 बजे ध्वस्त किया जाएगा. इसके लिए इंजीनियरों, सर्वेयरों और प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है.

साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से भी सहयोग मांगा गया है.निगम सूत्रों के अनुसार, ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके. प्रशासन का मानना है कि हाल के दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण अब व्यापक स्तर पर निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है.स्थानीय लोगों का कहना है कि जीटी रोड जैसे व्यस्त इलाके में अनधिकृत निर्माण के कारण पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.

कई नागरिकों ने निगम की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि यदि समय रहते ऐसे निर्माणों पर रोक नहीं लगाई गई तो शहर की यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैंनगर निगम प्रशासन ने साफ कहा है कि यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि नियमों के पालन और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है.दूसरी ओर अवैध निर्माण कराने का आरोपित रबीउल इस्लाम की प्रतिक्रिया खबर लिखे जाने तक नहीं मिल सकी है. हालांकि उन्होंने प्रतिक्रिया देने पर सहमति व्यक्ति की है और कहा है कि अपनी बात जरूर सबके सामने रखेंगे.

## गुरुआ में पत्रकार पर हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर आघात है : आकाश प्रियदर्शी



**गयाजी** : ( बिहार ) ज्ञात हो कि गुरुआ में भाजपा नेता अमित दांगी द्वारा पत्रकार, अमित कुमार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने, लूटपाट करने, मानसिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने की घटना की चौतरफा निंदा हो रही है ! इसी शर्मनाक वारदात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आई.टी.आई. बोधगया के ट्रस्टी सदस्य, आकाश प्रियदर्शी उर्फ ए.पी. ने इसकी कड़ी आलोचना करते हुए और तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है, कि किसी खबर में नाम ना छपने से नाराज होकर एक पत्रकार के साथ इस तरह की बर्बरता करना सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है! इस देश में संविधान सर्वोपरि है, और किसी भी रसूखदार या नेता को कानून अपने हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं है ! इसके बाद आकाश प्रियदर्शी ने पुलिस - प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की है, ताकि प्रेस की स्वतंत्रता और सुरक्षा अक्षुण्ण बनी रहे!

## आसनसोल नगर निगम मुख्यालय पहुंचे विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी



**आसनसोल** :आसनसोल उत्तर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी मंगलवार को आसनसोल नगर निगम मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम के सचिव कृष्णेंदु मंडल से मुलाकात की. इस दौरान नगर निगम की कार्यप्रणाली, शहर के विकास और आम जनता की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई.नगर निगम सचिव की ओर से विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. वहीं नगर निगम मुख्यालय पहुंचने पर अस्थायी कर्मियों की ओर से सौरव टोप्पो ने विधायक को सम्मानित भी किया.बैठक के दौरान शहर की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, निगम की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने तथा विभिन्न लंबित मामलों के समाधान को लेकर विचार-विमर्श हुआ. सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में नगर निगम को लेकर कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है.विधायक कृष्णेंदु मुखर्जी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए. उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली में सुधार और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया.इस मुलाकात को आसनसोल नगर निगम के भविष्य और संभावित प्रशासनिक बदलावों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है

## महिला विश्वविद्यालय में नामांकन शुरू

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम (सत्र 2026-30) और यूजी वोकेशनल कोर्स (सत्र 2026-29) के लिए आधिकारिक तिथि जारी कर दी है. इच्छुक छात्राएं चांसलर पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं.आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित की गई है. विवि प्रशासन ने छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किये बिना जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करें.दस्तावेज सत्यापन के दौरान मूल प्रमाणपत्र साथ लाना अनिवार्य होगा.विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि नामांकन में सीयूईटी स्कोर धारक अभ्यर्थियों को पहले मौका मिलेगा,

## श्रीरामपुर में टोटो की बढ़ती संख्या पर विधायक भास्कर भट्टाचार्य की चेतावनी

**श्रीरामपुर** : श्रीरामपुर के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक भास्कर भट्टाचार्य ने शहर में बढ़ती टोटो संख्या और उससे पैदा हो रही यातायात अव्यवस्था को लेकर बुधवार को टोटो मालिकों को कड़ा संदेश दिया. हिंदुस्थान समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि श्रीरामपुर में जरूरत से कहीं अधिक टोटो चल रहे हैं, जिससे आम लोगों को लगातार जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है.विधायक के अनुसार, अनुमानित तौर पर श्रीरामपुर में इस समय करीब छह से सात हजार टोटो चल रहे हैं. उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों और यातायात व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ रहा है और स्थिति अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है.भास्कर भट्टाचार्य ने टोटो मालिकों से सामने आकर यह स्पष्ट करने की अपील की कि किस व्यक्ति के पास



कितने टोटो हैं. उन्होंने दावा किया कि कुछ प्रभावशाली लोगों और पार्षदों के पास भी 15 से 20 टोटो तक चल रहे हैं. विधायक ने कहा कि सभी को प्रशासन के सामने पारदर्शिता के साथ जानकारी देनी चाहिए और एक व्यवस्थित प्रणाली के तहत काम करना चाहिए.उन्होंने सुरक्षा और जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया. विधायक ने कहा कि यदि कोई टोटो दुर्घटना करता है या किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाता है, तो अधिकतर मामलों में वाहन पर नंबर नहीं होने के कारण पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं करा पाता और न ही मुआवजा मांग सकता है.

उन्होंने इसे आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया.भाजपा विधायक ने कहा कि प्रशासन अब इस समस्या को गंभीरता से देख रहा है और जल्द ही टोटो संचालन को लेकर नई व्यवस्था या नियम लागू किए जा सकते हैं, ताकि यातायात व्यवस्था सुधरे और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद/अफवाह फैलाने वाले मैसेज को पूरी तरह प्रतिबंधित रखे : डीएम

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया** : जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं सीटी एसपी कोटा किरण की अध्यक्षता में पुलिस लाइन कैंपस में बकरीद पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ज़िले के प्रमुख स्थानों को चिन्हित करते हुए, उन प्रतिनियुक्ति स्थलों पर तैनात किए गए सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ ब्रीफिंग की गयी.डीएम द्वारा जिलावासियों को बकरीद पर्व पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए लोगों से अपील किया गया कि इस त्योहार को उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनावे.ब्रीफिंग में डीएम एवं सीटी एसपी ने कहा है कि वह सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद/अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह प्रतिबंधित रखे.उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निदेश दिया.उन्होंने कहा कि साइबर सेनानियों तथा साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर काफी बखूबी से नजर बनाए हुए बैठी हैं.कहीं भी कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर उन्हें चिन्हित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी.डीएम द्वारा बताया गया कि जिला स्तर, अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर गहन समीक्षा की जा रही है तथा ऐसे असामाजिक तत्वों पर त्वरित गति से कार्रवाई की जाएगी.एसडीओ तथा डीएसपी को निर्देश दिया गया कि वे संवेदनशील स्थलों का मुआयना करते हुए विशेष नजर रखेंगे.अनुमंडल स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करेंगे.बैठक में गया नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बकरीद पर्व के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देंगे.उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बकरीद पर्व के दिन अर्ली मॉर्निंग सुबह 4:00 बजे से ही निरंतर पानी सप्लाई चालू करें.साथ ही सभी सफाई कर्मी अपने आवंटित क्षेत्र में मैनपॉवर एवं सभी उपकरणों के साथ सुबह 4:00 बजे से मौजूद रहेंगे.सभी दंडाधिकारी भी हर हाल में सुबह 5:00



से अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर मौजूद रहेंगे. नगर निगम को निर्देश दिया कि शांति समिति की बैठक में मांग किए जाने वाले टैंकर को उस क्षेत्र में हर हाल में भेजना सुनिश्चित करें.उन्होंने सफाई प्रभारी गया नगर निगम को निर्देश दिया कि बकरीद के दिन किस रूट में कितनी संख्या में कितने बजे ट्रैक्टर के माध्यम से तथा अन्य बंद नुमा वाहन से वेस्ट मटेरियल का उठाव होगा, पूरी लाइन लिस्ट के अनुसार सफाई व्यवस्था रखें.नगर आयुक्त एवं सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी सफाई जमादारो को पूरी तत्परता से साफ सफाई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें.डीएम ने नगर आयुक्त को कहा कि गांधी मैदान, कर्बला सहित सभी मस्जिदों एव मदरसा के समीप सफाई की पूरी व्यवस्था करवाये. इसके अलावा गांधी मैदान में पढ़े जाने वाले नवाज को लेकर स्प्रिंगल मशीन से पानी का छिड़काव करवाने को कहा है.इसके अलावा चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पानी टैंकर उपलब्ध करवाने को कहा है.गर्मी को देखते हुए पानी की कही कोई कमी नही रहे, इसे जरूर देखें और जरूरत पड़ने पर पीएचईडी के पदाधिकारियों से समन्वय कर उनसे भी मदद लेते हुए पानी की पूरी उपलब्धता रखे.नगर आयुक्त ने बताया कि गया नगर निगम क्षेत्र के कुल 22 वार्ड चिन्हित हुए हैं, जहाँ पर बकरीद पर्व आयोजित हो रही है.इसके लिये माइक्रोप्लान तैयार कर ली गयी, उसी अनुरूप सफाई एव कुर्बानी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव एव डिस्पोज की पूरी तैयारी का योजना बनाया गया है.पर्याप्त संख्या में कवर गाड़ी को लगाया गया है जो सड़को, गलियों, मोहल्लों से कुर्बानी की वेस्ट मेटेरियल का उठाव कर सकेगी.और उठाव के बाद नैली डंपिंग यार्ड में विशेष रूप से गढ़े बनाये गए हैं, जहां डिस्पोज किया जाएगा.डीएम ने सभी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं कि अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर आज ही पुलिस पदाधिकारी के साथ विजिट कर लें साथ ही उस स्थान के आसूचना का संग्रहण भी हर हाल में आज ही कर ले.डीएम ने बकरीद पर्व पर संचालित समाहरणालय में जिला कंट्रोल रूम के वरीय प्रभारी वरीय उप समाहर्ता नैना झा को दिया गया है, उन्होंने निर्देश दिया है कि सुबह 4:00 बजे से सभी क्षेत्र में पदाधिकारी की उपस्थिति का कंट्रोल रूम के माध्यम से जांच करवाये साथ ही किसी क्षेत्र से आने वाली समस्याओं को वरीय पदाधिकारी को सूचित भी करवाये.

**अपने - अपने क्षेत्र में थानाध्यक्ष, डीएसपी पूरी नजर बनाए रखे -- सीटी एसपी.** सीटी एसपी कोटा किरण कुमार ने सभी डीएसपी तथा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थलों में अनिवार्य रूप से फ्लैग मार्च करवाये.

अपने क्षेत्र में पूरी नजर बनाए रखे.सीटी एसपी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने तथा आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों वाले व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा.उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल से भी पुलिस गश्ती दल निगरानी करेगी. धार्मिक स्थलों के समीप देर रात्रि एव अर्ली मॉर्निंग के समय अनिवार्य रूप से गस्ती करे.कही कोई धार्मिक स्थानों पर कोई आपत्तिजनक सामान नही फेंके रहे, इसे जरूर देखें.सभी धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी लगा रहे, इसे जरूर देख ले.अभी से लगातार रोको टोको अभियान चलावे.ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखवाया जाएगा.ब्रीफिंग में नगर आयुक्त, डीडीसी, एडीएम राजस्व/ आपदा, सदर एसडीओ, ज़िला स्तरीय पदाधिकारी गण, शहरी क्षेत्र के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष सहित सभी प्रखंड के बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे.

## ईटानगर में मिथुन के व्यावसायिक वध पर प्रतिबंध



**ईटानगरः** ईटानगर राजधानी क्षेत्र के प्रशासन ने बुधवार को मिथुन गायों के व्यावसायिक वध पर प्रतिबंध लगा दिया और आदेश का उल्लंघन करने पर दंड की चेतावनी दी. एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी. ईटानगर राजधानी क्षेत्र के उपायुक्त टोको बाबू ने कृषि उपज विपणन (विनियमन) अधिनियम, 1989 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का हवाला देते हुए प्रतिबंध आदेश जारी किया. मिथुन या गयाल पूर्वोत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक दुर्लभ और गोवंशीय पशु है. इसे पहाड़ों का मवेशी भी कहा जाता है. टोको बाबू कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के अध्यक्ष भी हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी अवैध वध के लिए 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. एपीएमसी के उपाध्यक्ष को अवैध मिथुन वध की निगरानी करने वाली टीम का प्रमुख नियुक्त किया गया है. उपायुक्त ने इटानगर और नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिया कि वे एपीएमसी सदस्यों की आवश्यकता पड़ने पर कर्मियों को तैनात करें.

# सिद्धरमैया ने आज मंत्रिमंडल सहयोगियों की बैठक बुलाई

## अटकलों पर लग सकता है विराम

**बेंगलुरुः** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ नाश्ते पर एक बैठक की मेजबानी कर सकते हैं और इसके बाद राज्यपाल थावरचंद गहलोत को इस्तीफा सौंप सकते हैं. सिद्धरमैया मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के लिए इस पद का रास्ता साफ कर सकते हैं. हालांकि, वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने पूरे घटनाक्रम पर चुप्पी बनाए रखी. बुधवार को उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर गुरुवार को बात करेंगे. नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को उस समय और बल मिला, जब मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धरमैया और शिवकुमार के साथ कई दौर की लंबी बैठकें कीं. पार्टी सूत्रों का कहना है कि सत्ता हस्तांतरण की संभावना अब काफी प्रबल हो गई है. कर्नाटक में पिछले साल से ही नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चाएं जारी हैं, लेकिन 20 नवंबर 2025 को कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद यह बहस और तेज हो गई.

ऐसी खबरें हैं कि सिद्धरमैया गुरुवार को इस्तीफा देकर शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ कर सकते हैं. मुख्यमंत्री के करीबी एक करीबी ने कहा, हां, उन्होंने कल राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, सिद्धरमैया राज्यपाल थावरचंद गहलोत को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं.



मुख्यमंत्री पद की दौड़ में समय-समय पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर का नाम भी सामने आता रहा है. उन्होंने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व के साथ हुई बैठक पर कुछ भी कहने से इनकार किया. उन्होंने कहा कि बैठक में क्या चर्चा हुई, इसकी जानकारी किसी को नहीं है. साथ ही उन्होंने अपने मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को भी ज्यादा महत्व नहीं दिया और कहा कि पार्टी का फैसला सभी को मानना होगा. दिल्ली में मौजूद शिवकुमार पहले बुधवार दोपहर बेंगलुरु लौटने वाले थे, लेकिन उन्होंने अपना कार्यक्रम बदल दिया और अब वह आज लौटेंगे. उनके भी मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर होने वाली बैठक में शामिल होने की संभावना है. पिछले वर्ष भी दोनों नेताओं ने नेतृत्व विवाद कम करने के प्रयास में एक-दूसरे के लिए नाश्ते का आयोजन किया था. यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब खबरें हैं कि कांग्रेस आलाकमान ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन का संकेत देते हुए सिद्धरमैया को पार्टी में केंद्रीय भूमिका तथा राज्यसभा सीट की पेशकश की है. हालांकि सूत्रों के अनुसार सिद्धरमैया ने अभी तक इस केंद्रीय भूमिका को स्वीकार नहीं किया है. सूत्रों का यह भी कहना है कि चूंकि यह संदेश सीधे राहुल गांधी की ओर से आया है, इसलिए सिद्धरमैया पद छोड़ने के लिए तैयार हो सकते हैं. मुख्यमंत्री पहले भी कई बार कह चुके हैं कि यदि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनसे पद छोड़ने के लिए कहेंगे, तो वह ऐसा करेंगे.

कांग्रेस ने मंगलवार को कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं को महज अटकलबाजी बताया और कहा कि केंद्रीय व राज्य नेतृत्व के बीच दिनभर चली बैठकों का उद्देश्य केवल राज्यसभा और विधान परिषद के आगामी चुनावों पर चर्चा करना था. सिद्धरमैया और शिवकुमार को मंगलवार को पार्टी ने दिल्ली बुलाया था, जहां कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल तथा रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ लगातार बैठकें हुईं.

## शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए: विहिप

**नई दिल्लीः** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने ईद-उल-अज़हा के दौरान गोहत्या पर मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग के जोर देने पर बुधवार को आपत्ति जताते हुए कहा कि समाज में शांतिपूर्ण सहअस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए. विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि हिंदू समुदाय गाय को गौ माता के रूप में पूजता है और आरोप लगाया कि गोहत्या का समर्थन करने वाले बार-बार दिए जाने वाले तर्क हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं. जैन ने कहा, हिंदू समाज में गाय को माता के रूप में पूजा जाता है. इसके बावजूद, इस तरह की ज़िद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. गोहत्या को जायज़ ठहराने के लिए हर दिन नये-नये तर्क दिए जा रहे हैं, और ये हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं.

उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की दलीलों का भी विरोध किया और दावा किया कि गौ माता को महज पशु कहना हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाना है. उन्होंने कहा, गौ माता को केवल पशु कहना गौ माता और हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान है. राष्ट्र और सनातन परंपराओं से जुड़े प्रतीकों के



प्रति दृष्टिकोण सर्वविदित है. जैन ने पिछली घटनाओं का हवाला देते हुए 2017 के पशु वध नियमों का जिक्र किया और आरोप लगाया कि इन नियमों के लागू होने के बाद भी कुछ राज्यों में गायों का खुलेआम वध किया जा रहा है.

उन्होंने कहा, जब 2017 में पशु वध को विनियमित करने के लिए नियम बनाये गए, तो उनमें गायों को भी शामिल किया गया. कुछ राज्यों में जहां सरकारें इसके समर्थन में थीं, वहां कथित तौर पर गायों का खुलेआम वध किया गया. जो दृश्य देखने को मिले वे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं. विहिप के नेता ने कहा कि देश के आधे से अधिक हिस्से में गोहत्या विरोधी कानून लागू हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू समुदाय गोहत्या को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने कहा, हिंदू समाज किसी भी कीमत पर गोहत्या को बर्दाश्त नहीं करेगा.

# मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के पांच कैडर गिरफ्तार, हथियार व आईईडी बरामद, बंकर ध्वस्त

**इंफालः** मणिपुर पुलिस ने पिछले दो दिनों में पूरे मणिपुर में प्रतिबंधित उग्रवादी समूहों से जुड़े कई कथित भूमिगत सदस्यों को गिरफ़्तार किया है. साथ ही, पहाड़ी जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण भी बरामद किए गए हैं. मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक के एक सक्रिय सदस्य, जिसकी पहचान इंफाल पूर्वी जिले के निंगोमथोंग सैरोम लीराक निवासी थिंगुजम गुलापी सिंह (45) के रूप में हुई है, को 26 मई को इंफाल पश्चिमी जिले के सिंगजामेई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत काकवा लिलांडो लंपक से गिरफ़्तार किया गया. सुरक्षाकर्मियों ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक स्कूटर जब्त किया. इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने पीएलए के एक कथित सक्रिय सदस्य, वाइखोम शांता सिंह उर्फ़ टोरबोट (32) को भी गिरफ़्तार किया.



वह सबुंगखोक मामंग लीकाई का निवासी है और उसे इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नोंगदा कामेंग क्षेत्र से गिरफ़्तार किया गया.

एक अन्य अभियान में, आरपीएफ/पीएलए के कथित स्वयंभू कैप्टन अयेकपम धर्मेंद्र सिंह (48) को इरिलबुंग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत उसके मौजूदा आवास से पकड़ा गया. वह कई अन्य नामों से भी जाना जाता है, जिनमें धामेन, थावंतबा, कुंजो, ब्रोजेन और थावैलाकपा शामिल हैं. उसके पास से एक मोबाइल फ़ोन और एक आधार कार्ड बरामद किया गया.

इससे पहले, मंगलवार को सुरक्षा बलों ने थौबल ज़िले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत फ़ॉरेस्ट गेट के पास मयाई कीथेल से अलग-अलग भूमिगत संगठनों से जुड़े दो कथित सदस्यों को गिरफ़्तार किया था. गिरफ़्तार किए गए लोगों की पहचान चांगुबम नंगबा मेइतेई उर्फ़ मेइराबा उर्फ़ थौबा (21) के रूप में हुई, जो आरपीएफ/पीएलए से जुड़ा है, और एक किशोर के रूप में हुई, जो कथित तौर पर एनआरएफएम से जुड़ा है.

## इबोला वायरस : कांगो के विस्थापित शिविर में रह रहे हजारों लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**बुनिया (कांगो)ः** पूर्वी कांगो में इबोला वायरस के संक्रमण के केंद्र बुनिया में विस्थापित 10,000 लोगों के एक शिविर में इस महामारी से निपटने के लिए हाथ धोने का महज एक केंद्र और एक इन्फ्रारेड थर्मामीटर है. शिविर के नेताओं का कहना है कि वे लोगों को खाना खाने से पहले हाथ धोने के लिए कहते हैं - जिनके पास साबुन है, वे साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं. बाकी लोगों को दलिया या रेत का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है. तथाकथित आईएसपी शिविर की निवासी फ्रैंसिन लेवे जांगुजी ने तिरपाल के शिविर में एक खाली नल खोलते हुए कहा, "मुझे डर इस बात का है कि हम यहां बिना किसी सुरक्षा के हैं. हमारे पास कोई सुरक्षा नहीं है,



पानी या साबुन नहीं है. हम कचरे के ढेर के पास रहते हैं. इस संक्रामक बीमारी को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया है और इसके प्रकोप को रोकने के लिए सहायता संगठन और स्वास्थ्यकर्मी इटुरी प्रांत में तेजी से आपूर्ति सामग्री भेज रहे हैं.

## कक्षा 9 के छात्रों के लिए सीबीएसई के तीन-भाषा नियम पर केंद्र, एनसीईआरटी से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई की उस नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें एक जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए भारत की कम से कम दो मूल भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र सरकार, सीबीएसई और एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा जारी एक हालिया परिपत्र के अनुसार, एक जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए भारत की कम से कम दो मूल भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया गया है.

## एसआईआर पर भाजपा ने कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण की दी नसीहत

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को पूरी तरह वैध करार देने के फैसले का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है. भाजपा ने कहा कि कांग्रेस को मेहनत करने के साथ-साथ आत्मनिरीक्षण की भी जरूरत है. यह संवैधानिक धरातल पर विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है. भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज एसआईआर प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत सिद्ध कर दिया है. राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद, अब संवैधानिक धरातल पर भी यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की पराजय है.

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढंकने के लिए आरोपित



करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए. एसआईआर प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान सम्मत माना है और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है. न्यायलय ने इसे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक माना है.

## तेलंगाना में एक व्यक्ति ने पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली

**हैदराबादः** तेलंगाना के वनपर्थी जिले में बुधवार को 40 वर्षीय एक व्यक्ति ने बढ़ते कर्ज के कारण कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली. पुलिस ने यह जानकारी दी. उसने बताया कि यह घटना किला घनपुर मंडल के सालकिलापुर गांव में रात एक बजे और 1:30 बजे के बीच हुई. पुलिस ने कहा कि उसने 50 एकड़ का आम का एक बाग पट्टे पर लिया था और वहीं अपने परिवार के साथ रह रहा था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी (35) और बच्चों को पानी के गड्ढे में धकेल दिया और बाद में फांसी लगा ली.उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी और बच्चों के डूबने की आशंका है परंतु मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा. उन्होंने यह भी बताया कि लड़के के हाथ बंधे हुए पाए गए थे. प्रारंभिक जांच के आधार पर, अधिकारी ने कहा कि वह व्यक्ति और उसकी पत्नी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रस्त थे तथा उनके समक्ष आर्थिक परेशानियां भी थीं. ग्रामीणों के अनुसार, उस व्यक्ति ने 60 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज लिया था. हालांकि, पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है. पुलिस ने बताया कि उस व्यक्ति ने अपने फोन पर एक वीडियो संदेश रिकॉर्ड किया और दो-तीन लोगों के नाम बताए जिन्होंने कथित तौर पर ऋण चुकाने को लेकर उस पर दबाव डाला था.

# भीषण गर्मी के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच नागरिकों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है. उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और जरूरतमंदों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया.

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है. उन्होंने लोगों को हीट एग्जॉशन के लक्षणों जैसे चक्कर आना, मतली और अत्यधिक थकान को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी, सिरदर्द या अस्वस्थता महसूस हो तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी और ओआरएस उपलब्ध



कराना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग अत्यधिक गर्मी में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि लक्षणों की अनदेखी करने पर स्थिति गंभीर होकर हीटस्ट्रोक का रूप ले सकती है. मोदी ने लोगों से अपने माता-पिता, दादा-दादी और अन्य बुजुर्ग परिजनों का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें नियमित रूप से फोन कर हालचाल लें और पर्याप्त पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने तथा पर्याप्त आराम करने की सलाह दें. प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों और जानवरों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने का भी आह्वान किया. उन्होंने कहा कि घरों, बालकनी, छत, दुकानों और कार्यालयों के बाहर पानी से भरे छोटे बर्तन रखना प्यासे पक्षियों और जानवरों के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है. प्रधानमंत्री ने लिखा, देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं. मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें. कृपया स्वयं को हाइड्रेटेड रखें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें.

# सीबीएसई ओएसएम विवाद : राहुल ने सच्चाई का पता लगाने के लिए न्यायिक, एसआईटी जांच की मांग की

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के परीक्षा परिणाम में बहुत बड़ी हेरफेर होने का आरोप लगाया और "पूरे घोटाले" की सच्चाई सामने लाने के लिए स्वतंत्र न्यायिक जांच तथा विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की. गांधी ने सरकार से सवाल पूछा कि आखिर सीबीएसई का ठेका सीओईएमपीटी को क्यों दिया गया, जबकि यह कंपनी पहले ग्लोबरीना नाम से काम करते हुए विवादों में घिर चुकी थी. उन्होंने यह भी पूछा कि सीओईएमपीटी प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच आखिर किस प्रकार का संबंध है.

गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सीबीएसई परीक्षा परिणाम में बहुत बड़ी हेरफेर हुई, जिससे देश के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं. लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, और (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी? हमेशा की तरह - न जवाब, न ज़िम्मेदारी, न शर्म. उन्होंने दावा किया कि जिस कंपनी सीओईएमपीटी को यह जिम्मेदारी मिली, वह पहले 'ग्लोबरीना' के नाम से तेलंगाना में 2019 में यही कारनामे कर चुकी है. उन्होंने कहा कि नाम बदला लेकिन नीयत वही और फितरत वही रही.

गांधी ने दावा किया कि इतिहास सबको पता था, फिर भी ठेका दिया गया. ऐसी कंपनी के हाथ में 18.5



लाख बच्चों का भविष्य सौंप दिया गया और किसी को फ़र्क़ नहीं पड़ा. उन्होंने कहा, यह गलती नहीं - यह सोचा-समझा षड़यंत्र है. गांधी ने सरकार से पूछा, कुछ जरूरी सवाल हैं: सीओईएमपीटी को सीबीएसई का ठेका क्यों और किसके कहने पर दिया गया? कौन-कौन से नियम और प्रक्रिया दरकिनार करके इस कंपनी को यह ठेका दिया गया. उन्होंने कहा, सीओईएमपीटी पहले ग्लोबरीना के नाम से विवादों में घिर चुकी है, यह सीबीएसई को क्यों नहीं पता चला? इतिहास क्यों नहीं खंगाला गया? सीओईएमपीटी प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच आखिर क्या संबंध हैं?

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम मांग करते हैं कि इस पूरे घोटाले के असली दोषियों को सामने लाने के लिए स्वतंत्र न्यायिक जांच और एसआईटी का गठन तत्काल किया जाए. गांधी ने कहा, सीबीएसई के जेन जेड साथियों- आपकी मेहनत, आपका भविष्य, कोई चुरा नहीं पाएगा. हम इस साजिश की तह तक जाएंगे, और इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे. उन्होंने न्यायिक जांच और एसआईटी गठन की मांग करते हुए एक वीडियो बयान भी जारी किया.

यह विवाद तब बढ़ गया जब 12वीं कक्षा के कुछ विद्यार्थियों ने अंकन में गड़बड़ी के आरोप लगाए तथा यह दावा किया कि बोर्ड द्वारा अपलोड की गई उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रतियां उनकी लिखावट से मेल नहीं खातीं. इससे ओएसएम प्रणाली में उत्तर पुस्तिकाओं की संभावित अदला-बदली को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं.

## नीट प्रश्न पत्र लीक मामला : सीबीआई ने लातूर के डॉक्टर, पुणे के भौतिकी के शिक्षक को गिरफ्तार किया

**नई दिल्लीः** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में लातूर के एक डॉक्टर और पुणे स्थित एक कोचिंग संस्थान के भौतिकी विषय के शिक्षक को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के अनुसार, जांच एजेंसी ने मनोज शिरुरे को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उसने तीन छात्रों को नीट का प्रश्न पत्र तैयार करने वाले पी वी कुलकर्णी से रसायन विज्ञान के प्रश्न दिलाने में अहम भूमिका निभाई. इन छात्रों में रेनुकाई कैमिस्ट्री क्लासेस (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर का बेटा भी शामिल था. लातूर में आरसीसी का संचालन करने वाले मोटेगांवकर को हाल ही में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था.




अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने पुणे स्थित कोचिंग सेंटर डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) के भौतिक विज्ञान के शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है. उनके अनुसार, शाह को गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से नीट-यूजी 2026 के भौतिकी के लीक प्रश्न मिले थे. इसके साथ ही प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है. सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, इस मामले में पूरी साजिश और उससे जुड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है. सीबीआई अब तक 49 स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप तथा मोबाइल फोन जब्त किए हैं. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई को मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा' (स्नातक) यानी नीट को प्रश्न पत्र लीक होने के आरोपों के बीच रद्द कर दिया था. यह परीक्षा तीन मई को हुई थी और पुनर्परीक्षा 21 जून को निर्धारित की गई है.

सीबीआई ने शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर उसी दिन मामला दर्ज किया था.

# पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े 4 आतंकी गिरफ्तार

## वीडियो कॉल्स से पाक हैंडलर्स के संपर्क में थे

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. यूपी एटीएस और एसटीएफ की संयुक्त जांच के बाद सहारनपुर से चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है. एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि आरोपियों की पहचान महकाब (निवासी सहारनपुर), गगनदीप उर्फ गुरी सिंह (निवासी मुजफ्फरनगर), शाहरुख (निवासी सहारनपुर) और मुशर्रफ (निवासी हरिद्वार) के रूप में हुई है. यह पूरी कार्रवाई खुफिया इनपुट और दोनों जांच एजेंसियों के कड़े तालमेल के बाद मुमकिन हो सकी है.

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि पकड़े गए चारों आरोपी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं. प्रारंभिक जांच में यह बात




सामने आई है कि ये सभी अभियुक्त सोशल मीडिया और वीडियो कॉल्स के माध्यम से लगातार पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे. ये आरोपी देश के संवेदनशील स्थलों की रेकी करने और स्थानीय युवाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ने का काम कर रहे थे. इसके साथ ही वे किसी बड़ी आतंकी और विध्वंसक गतिविधि की साजिश रचने में भी शामिल थे.

सुरक्षा एजेंसियों को उनके पास से कई संदिग्ध डिजिटल दस्तावेज और अन्य सामग्रियां भी बरामद हुई हैं. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ स्थित एटीएस थाने में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. पुलिस और एटीएस की टीमें अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनके पूरे नेटवर्क को खंगालने की तैयारी कर रही हैं. पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ में कई और बड़े खुलासे होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है.

# जमुई के चर्चित दारोगा हत्याकांड में आया कोर्ट का फैसला

## 5 आरोपियों को सुनाई गई सजा

**जमुई:** दारोगा प्रभात रंजन हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास और तीन को 2 साल की सजा सुनाई गई है. बुधवार को जमुई जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सुधीर सिन्हा ने ये अहम फैसला सुनाया. हत्याकांड के आरोपी महुलियाटांड़ कौआकोल निवासी कृष्ण दास मिथिलेश ठाकुर और पवन दास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 20000 जुर्माना भी लगाया. अदालत में इसी मामले में आरोपी भुलिया उर्फ झुलिया चिंता देवी और दशरथ दास को धारा 353 (भादवि) में दो-दो साल की सजा सुनाई है. इस तरह प्रभात रंजन हत्याकांड में कुल 5 आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा दी गई है.

गरही थाने में पुलिस पदाधिकारी के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई थी.



जिसमें आरोप लगाया गया था कि चननवर नदी के क्यूल घाट पर पुलिस बल के साथ छापा मारने गए दारोगा प्रभात रंजन ने जब अवैध बालू का उठाव कर रहे ट्रैक्टर को रोका तो ट्रैक्टर चला रहे कृष्ण दास ने पुलिस वालों पर गाड़ी चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि होमगार्ड जवान राजेश कुमार शाह को इलाज के लिए जमुई लाया गया था. पुलिस वालों पर हमला करने में ये सभी आरोपी नामजद थे. इस मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने अपने पैरवी की और न्यायालय में अपनी दलीलें पेश की. दोनों पक्षों के बयान और गवाहों के साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को सजा सुनाई.

असल में 14 नवंबर 2023 को कौआकोल महुलियाटांड स्थित भड़ोइया नदी में अवैध बालू खनन की सूचना मिली थी. जिसके बाद दारोगा प्रभात रंजन दलबल के साथ छापेमारी करने पहुंचे थे. जहां पुलिस की टीम ने एक ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया लेकिन ट्रैक्टर चालक रुकने की बजाय पुलिस वाहन को टक्कर मारते हुए फरार हो गया. वाहन में सवार प्रभात रंजन की इस घटना में मौत हो गई, जबकि एक सिपाही जख्मी हो गया. मृतक एसआई प्रभात रंजन 2018 बैच के थे.

### लखनऊ में पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या



**लखनऊ :** बाजारखाला थाना क्षेत्र में एक बेहद क्रूर और हैवानियत भरी घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है. यहां एक पति ने अपनी 26 साल की पत्नी का गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी. सिर्फ इसलिए कि वो उसकी मारपीट से तंग आकर 3 महीने से मायके में रह रही थी. शादीशुदा जिंदगी की खुशियां तो दूर, रिश्ता खून से रंग गया. मामला बाजारखाला थाना क्षेत्र स्थित ऐशबाग के आठ नंबर गेट की गली का है. मृतका चांदनी की 7 साल पहले मोहम्मद शाहिद से शादी हुई थी. दोनों के एक 4 साल का बेटा भी है. लेकिन शादी के बाद से ही शाहिद चांदनी के साथ रोजाना मारपीट करता था. घरेलू हिंसा का शिकार चांदनी आखिरकार 3 महीने पहले तंग आकर अपने मायके तकिया चांद अलीशा, रामनगर ऐशबाग चली गई थी. वहीं बुधवार दोपहर जब चांदनी पड़ोस में रहने वाली भाभी जो कि एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं उन्हें देखने अस्पताल स्कूटी से जा रही थी. इसी दौरान आरोपी शाहिद ने फोन करके चांदनी को मिलने के बहाना बुलाया और फिर उसे ऐशबाग आठ नंबर गेट की गली में सुनसान जगह पर ले गया.

# सम्राट कैबिनेट की बैठक में 27 एजेंडों पर लगी मुहर

## बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 का गठन, 57 पदों के सृजन की स्वीकृति

**पटना:** सम्राट चौधरी की सरकार 15 अप्रैल को बनी है. तबसे हर कैबिनेट में एक के बाद एक कई बड़े फैसले लिए जा रहे हैं. सम्राट कैबिनेट में कई बड़े फैसले लिए गए और 27 एजेंडों पर मुहर लगी है. बिहार विधान मंडल के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा उनके आश्रित को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है. वहीं अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी और सेवानिवृत्ति पर अधिकारी और उनके आश्रित के साथ राज्य सरकार के नियमित पदाधिकारी और कर्मियों और उनके आश्रित पेंशनधारी को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी. इसके तहत भूमि के मूल्य का निर्धारण क्रय की जाने वाली भूमि की दर शहरी क्षेत्र में बाजार मूल अथवा सर्किल दर जो भी अधिक हो के दोगुनी और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने पर बाजार मूल्य अथवा सर्किल दर जो भी अधिक हो के चार गुना समतुल्य होगा, जिसपर 10% का अतिरिक्त प्रतिफल प्रोत्साहन की राशि के रूप में दे




होगा. क्रय की जाने वाली भूमि स्टांप और पंजीयन शुल्क से मुक्त होगा. कैबिनेट में इसकी स्वीकृति दी गई.

शेखपुरा में आईबी कार्यालय के निर्माण के लिए 27.48 एकड़ जमीन 6 करोड़ 24 लाख 2400 रुपए के भुगतान पर एसआईबी भारत सरकार को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है. गोपालगंज में आईबी कार्यालय और आवासीय परिसर निर्माण के लिए 67 लाख 50000 के भुगतान पर जमीन गृह मंत्रालय भारत सरकार को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है. बेगूसराय में 21 एकड़ जमीन उपकारा के निर्माण के लिए गृह विभाग पटना को निशुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है.

बिहार में बालू घाटों की बंदोबस्ती को लेकर बिहार राज खनन निगम लिमिटेड को एजेंसी घोषित कर दिया गया है. सीनियर रेजिडेंट तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती नियुक्ति एवं संशोधन नियमावली 2026 की स्वीकृति दी गई है. वरीय पुलिस उपाधीक्षक यातायात अनिल कुमार को 31 मई 2026 से 1 साल के लिए संविदा पर एक्सटेंशन देने की स्वीकृति दी गई है. पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना की हड्डी रोग विभाग के अधीन स्वतंत्र रूप से स्पाइन सब स्पेशलिटी यूनिट स्थापित करने के लिए 39 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है.

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2026 को स्वीकृति दी गई है. माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायाधीश गण के उपयोग के लिए 10 नए वाहनों के क्रय की स्वीकृति दी गई है. 3 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई. युवा रोजगार और कौशल विभाग के गठन के पश्चात बिहार स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशन ट्रेनिंग एवं बिहार राज्य समुद्र पार नियोजन ब्यूरो में श्रम संसाधन विभाग के स्थान पर युवा रोजगार एवं कौशल विभाग बिहार पटना को प्रस्थापित करने की स्वीकृति मिली है. युवा रोजगार एवं कौशल विभाग जोड़कर नए युवा रोजगार एवं कौशल विभाग गठन किया गया है.

### बिहार में पुलिस पर हमला जमकर बरसाए ईंट-पत्थर, एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी घायल



**प.चंपारण:** बिहार के प.चंपारण स्थित बेतिया में नरकटियागंज के शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मढिया गांव में ग्रामीणों ने जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया. इस हमले की घटना में एक एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जिनका इलाज नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया. मिली जानकारी के अनुसार मढिया गांव की निवासी पार्वती देवी ने शिकारपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि घर के सामने रास्ते पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है. शिकायत के अनुसार आरोपियो ने आम के चार पेड़ों समेत आधा दर्जन पेड़ काट दिए थे. इसी शिकायत के आधार पर एसआई रविशंकर प्रसाद टीम के साथ जांच करने गांव पहुंचे थे.

# जदयू विधायक पप्पू पांडेय की गिरफ्तारी पर रोक बरकरार

**गोपालगंज :** जनता दल यूनाइटेड के बाहुबली विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय को सिविल कोर्ट के एडीजे -3 एमपी एमएलए स्पेशल न्यायालय से फिलहाल बड़ी राहत मिली है. भू-माफियाओं को संरक्षण देने के गंभीर आरोपों से घिरे कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने रोक बरकरार रखी है. इस हाई-प्रोफाइल मामले की अगली सुनवाई अब आगामी 3 जून को निर्धारित की गई है और उसी दिन अंतिम फैसला होगा. जिस पर पूरे जिले की राजनीतिक और प्रशासनिक नजरें टिकी हुई हैं. इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है. राजनीतिक गलियारों में भी इस बात को लेकर सरगर्मी तेज है कि 3 जून को अदालत का रुख क्या रहता है?

दरअसल, कुचायकोट थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में 16 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा करने का यह पूरा मामला है. जिसमें विधायक पप्पू पांडेय को भू-माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए आरोपी बनाया गया है. इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा दर्ज



कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस लगातार जांच कर रही है. विधायक पर पद का दुरुपयोग करने और आपराधिक तत्वों को बढ़ावा देने के आरोप हैं, जिसे लेकर कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया चल रही है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी. पूर्व की सुनवाई में अदालत ने पुलिस को उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था. ताजा सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इस राहत को अगली तारीख तक बढ़ा दिया है. अब 3 जून को होने वाली सुनवाई बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इस दिन कोर्ट द्वारा अंतिम फैसला सुनाया जाएगा.

# आसमानी बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की जिंदा जलकर मौत

**खगड़िया:** बिहार के खगड़िया जिले से एक बेहद ही दर्दनाक और दिल दहला देने वाले हादसे की खबर सामने आई है. जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के मथार दियारा गांव में मंगलवार देर रात को दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. दरअसल गंगा नदी के किनारे दो बुजुर्ग किसान अपने खेत की रखवाली कर रहे थे, तभी अचानक ठनका गिरने से दोनों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 7 के निवासी 63 वर्षीय किसान गोरख यादव और 60 वर्षीय किसान सापो यादव रोजाना की तरह अपने खेत में लगे परवल की रखवाली करने के लिए गए हुए थे. देर रात को अचानक तेज आंधी, बादलों की गर्जन और तेज बारिश शुरू हो गई. इस तेज बारिश से खुद का बचाव करने के लिए दोनों बुजुर्ग किसान खेत के किनारे ही बनी झोपड़ी में चले गए.

बताया जा रहा है कि इसी दौरान



अचानक उस झोपड़ी पर तेज आवाज के साथ ठनका यानी आकाशीय बिजली गिर गई. ठनका गिरने के कारण उस झोपड़ी में तुरंत ही भीषण आग लग गई. झोपड़ी में आग लगने से दोनों बुजुर्ग किसान वहीं जिंदा जल गए और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. अगली सुबह जब ग्रामीण रोजाना की तरह अपने खेत पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह झोपड़ी पूरी तरह से जली हुई है और अंदर दोनों किसानों के शव आपस में चिपके हुए पड़े हैं. ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी जिसके बाद परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की. इस घटना की जानकारी मिलते ही गंगा किनारे लोगों की भारी भीड़ जुट गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा अचानक हुई प्राकृतिक आपदा का परिणाम है. इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा और शोक का माहौल है और लोग मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं. पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

### बिहार पुलिस सिपाही भर्ती 2025 का अंतिम रिजल्ट जारी, 19,838 अभ्यर्थियों का चयन




**पटना :** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस सिपाही भर्ती 2025 का अंतिम परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया. चयन पर्षद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी. इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 19,838 पदों पर अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है. अंतिम चयन सूची में कुल 19 हजार 838 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है. इनमें बिहार पुलिस के लिए 16 हजार 852 तथा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के लिए 2 हजार 986 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है.

# सिवान में दुबई से लौटे युवक की बेरहमी से हत्या, मर्डर से पहले किया गया काफी टॉर्चर

**सिवान:** बिहार के सिवान जिले से एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है. जिले के सिसवन थाना क्षेत्र के कटवार गांव में दुबई से लौटे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई है. मृतक की पहचान दीपक सिंह के रूप में हुई है, जो महज दो दिन पहले ही दुबई से अपने घर लौटा था. युवक का शव घर से लगभग 300 मीटर दूर बरामद होने के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है.

परिजनों के अनुसार, दीपक विदेश में नौकरी करता था और कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर गांव आया था. घर लौटने के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही दिनों में यह खुशी मातम में बदल जाएगी. बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन दीपक घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा. जब काफी देर तक उसका कोई



पता नहीं चला तो परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका. अगली सुबह गांव के लोगों ने घर से करीब 300 मीटर दूर एक सुनसान जगह पर युवक का शव पड़ा देखा. सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई.

ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई. शव की हालत देखकर लोग सन्न रह गए. शरीर पर चोट के कई निशान थे. परिजनों का आरोप है कि दीपक को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और उसके पैर के अंगूठे का नाखून भी उखाड़ दिया गया था. इससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले युवक को टॉर्चर किया गया. घटना की जानकारी मिलते ही सिसवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. शुरुआती जांच में मामला हत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है.

स्थानीय लोगों के मुताबिक, दीपक का गांव में कुछ लोगों से विवाद चल रहा था. वहीं कुछ ग्रामीण इस हत्या को पैसों के लेन-देन और विदेश से कमाकर लौटने से जोड़कर भी देख रहे हैं. पुलिस पुराने विवाद, निजी रंजिश और आर्थिक लेन-देन समेत सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. उनका कहना है कि दीपक की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई है और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

# जनसुराज लड़ेगी बांकीपुर उपचुनाव, प्रशांत किशोर बोले- बीजेपी को घर में घुसकर हराएंगे

**शिवहर :** प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि जन सुराज पार्टी बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव मैदान में उतरेगी. शिवहर में आयोजित सभा के दौरान पीके ने कहा कि बांकीपुर में पिछले 40-45 वर्षों से एक ही परिवार और भाजपा का दबदबा रहा है, जबकि राजद और कांग्रेस कई बार चुनौती देने के बावजूद सफल नहीं हो सके. उन्होंने दावा किया कि इस बार जन सुराज भाजपा को उसके गढ़ में घुसकर हराएगी और बांकीपुर में सीधी लड़ाई जन सुराज ही देगा.

बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र बिहार की सबसे चर्चित शहरी विधानसभा सीटों में मानी जाती है. यह सीट लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रही है. यहां



से भाजपा नेता नितिन नवीन लगातार कई बार विधायक चुने गए. नितिन नवीन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भी भाजपा के बड़े नेता रहे थे और बांकीपुर की राजनीति में उनका गहरा प्रभाव था. नितिन नवीन ने पहली बार अपने पिता के निधन के बाद राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और फिर लगातार चुनाव जीतते हुए बांकीपुर सीट पर भाजपा की पकड़ मजबूत की. उन्हें संगठन और सरकार दोनों में अहम जिम्मेदारियां मिलती रहीं.

भाजपा ने दिसंबर 2025 में नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था. बाद में उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कमान सौंपी गई और वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने. इसके बाद मार्च 2026 में भाजपा ने उन्हें बिहार से राज्यसभा भेजा. राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते समय नितिन नवीन ने कहा था कि बांकीपुर की जनता के साथ उनका आत्मीय रिश्ता हमेशा बना रहेगा.

### दूल्हा हत्याकांड के फरार आरोपितों के सरेंडर की आशंका से डरे परिजन, बहन ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार



**जौनपुरः** उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में एक मई को हुए चर्चित दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड में फरार आरोपितों के कोर्ट में सरेंडर करने की आशंका से मृतक के परिजन डरे हुए हैं. मृतक की बहन सौम्या बिंद लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर न्याय की मांग कर रही हैं. बुधवार को उन्होंने जिलाधिकारी सैमुअल पाल से मुलाकात कर अपनी चिंता जाहिर की.

# पति की हत्या में आरोपित पत्नी और साला समेत तीन गिरफ्तार

**देवरियाः** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के थाना बरियारपुर पुलिस ने हत्या के एक मामले में बुधवार को पत्नी और साले समेत तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा भी बरामद कर लिया है. आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है. अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाने बरियारपुर पर पंजीकृत बीएनएस से संबंधित नामजद आरोपित महिला एवं मृतक की पत्नी संगम देवी निवासी विशुनपुर कला (महुआबारी), थाना बरियारपुर, साला जयप्रकाश उर्फ जिउत पुत्र झीनक निवासी पिपराझाम थाना



कसया जनपद कुशीनगर तथा आदित्य पुत्र सुरेंद्र निवासी थड़ुआडीह थाना हाटा जनपद कुशीनगर को 27 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया.

उन्होंने बताया कि 25 मई 2026 की दोपहर करीब एक बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम विशुनपुर कला निवासी मुकेश सिंह को घरेलू विवाद के दौरान उनकी पत्नी संगम देवी, पत्नी के भाई जयप्रकाश उर्फ जिउत तथा रिश्तेदार आदित्य ने मिलकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया है.

## न्यूज कॉर्नर

### आयकर विभाग ने शुरू की 2026-27 के लिए आईटीआर-2 ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा

**नई दिल्लीः** आयकर विभाग ने बुधवार को आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-2 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू कर दी है. अब करदाता आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर अपना आईटीआर-2 को ऑनलाइन भर सकते हैं. आयकर विभाग के मुताबिक आईटीआर-2 उन व्यक्तिगत करदाता के लिए है, जिनकी इनकम व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन उन्हें पूंजीगत लाभ से प्राप्ति होती है. इससे पहले आयकर विभाग ने 15 मई को आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू की थी, जिनका इस्तेमाल छोटे और मझोले करदाता करते हैं.आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 की इनकम के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए अब आकलन वर्ष (ए.वाई.) 2026-27 के लिए आईटीआर-2 की ऑनलाइन फाइलिंग और एक्सेल यूटिलिटी अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध हैं. ऐसे में करदाता रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं. व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-2 को दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है, जबकि बिना अंकेक्षण (ऑडिट) वाले आईटीआर-4 दाखिल करने के लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त है.

### गेहूं उत्पादन 2025-26 सत्र में 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नयी दिल्लीः** देश में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के बावजूद गेहूं का उत्पादन फसल सत्र 2025-26 के दौरान 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान है. बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई. यह अनुमान कृषि मंत्रालय के 2025-26 के मानसून की शुरुआत में लगाए गए 12.02 करोड़ टन उत्पादन के अनुमान के अनुरूप है. यह फसल सत्र 2024-25 में दर्ज 11.79 करोड़ टन गेहूं उत्पादन से अधिक है.कृषि मंत्रालय ने जुलाई 2025- जून 2026 सत्र के लिए प्रमुख कृषि फसलों का तीसरा अनुमान जारी करते हुए कहा, ''गेहूं का उत्पादन 12.06 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले की तुलना में 27.12 लाख टन अधिक है.''मंत्रालय का लगातार यह रुख रहा है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से स्थानीय स्तर पर हुए नुकसान के बावजूद देश का गेहूं उत्पादन 'स्थिर तथा मजबूत' बना हुआ है.मंत्रालय का अनुमान है कि 2025-26 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 37.65 करोड़ टन रह सकता है जबकि एक साल पहले यह 35.77 करोड़ टन रहा

### सनकाइंड कंपनी ने सौर मॉड्यूल के लिए 1,500 करोड़ रुपये के सेल खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्लीः** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी सनकाइंड इंडिया अब मॉड्यूल निर्माण क्षेत्र में प्रवेश करने की योजना बना रही है और कंपनी ने सौर सेल खरीदने के लिए 1,200-1,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है. कंपनी ने राजस्थान के जयपुर के पास एक गीगावाट की सौर मॉड्यूल निर्माण लाइन स्थापित की है और अगले महीने व्यवसायिक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा है.सौर पैनल, मॉड्यूल से बने होते हैं जिनमें सेल होते हैं, जबकि सेल का निर्माण इंगॉट्स से होता है, जिसके लिए वेफर्स की आवश्यकता होती है.वर्तमान में कंपनी वाणिज्यिक और औद्योगिक (सी एंड आई) क्षेत्रों के लिए सौर इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं और स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी) परियोजनाओं में लगी हुई है. मॉड्यूल का आंतरिक उत्पादन कंपनी को अपनी ईपीसी परियोजनाओं तथा आईपीपी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में मदद करेगा. कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) हनीश गुप्ता ने बताया कि सनकाइंड इंडिया ने जयपुर के पास एक गीगावाट की सौर मॉड्यूल निर्माण लाइन स्थापित की है. यह परियोजना परीक्षण के चरण में है और जून तक व्यावसायिक रूप से चालू हो जाएगी. उन्होंने बताया कि कंपनी ने मॉड्यूल उत्पादन में निरंतरता सुनिश्चित करने के मकसद से व्यावसायिक क्षेत्र को समर्थन देने के लिए एक गीगावाट डीसीआर (घरेलू सामग्री आवश्यकता) सौर सेल प्राप्त करने के लिए एक घरेलू सौर सेल निर्माता के साथ समझौता भी किया है. इस ऑर्डर की लागत लगभग 1,200-1,500 करोड़ रुपये होगी.

### निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए कर में नरमी, गैर-जरूरी आयात पर अंकुश जरूरी: रिपोर्ट

**नयी दिल्लीः** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत को अपनी निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए करों में नरमी, गैर-जरूरी आयात पर लक्षित अंकुश और व्यापारिक उपायों के समयबद्ध क्रियान्वयन जैसे कदम उठाने की जरूरत है. बुधवार को एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया. 'थिंक चेंज फोरम' की इस रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर दबाव के दौर से गुजर रही है और पश्चिम एशिया की अस्थिरता के कारण ऊर्जा, कृषि एवं विनिर्माण जैसे अहम क्षेत्रों में लागत बढ़ाने वाली महंगाई बढ़ रही है. रिपोर्ट कहती है, ''इन झटकों को झेलने के लिए अनिश्चितकाल तक सब्सिडी देने जैसे पारंपरिक राजकोषीय उपाय अब टिकाऊ नहीं हैं. इससे कंपनियों को वैश्विक उतार-चढ़ाव से बचाने के नाम पर संरचनात्मक सुधारों की रफ्तार सुस्त पड़ती है और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होती है.''इस रिपोर्ट में तीन स्तंभों- संरचनात्मक करों में कमी, व्यापार नीति में संतुलन और आयात प्रबंधन पर आधारित रणनीति सुझाई गई है.रिपोर्ट के अनुसार, उलट शुल्क ढांचे को खत्म करना, शुल्क दरों को परिस्थितियों के हिसाब से समायोजित करना और गैर-जरूरी लक्जरी आयात पर अंकुश लगाना जरूरी है.वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का वस्तु आयात 774.98 अरब डॉलर रहा, जबकि निर्यात 441.78 अरब डॉलर रहा. इस तरह 333 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार घाटा पैदा हुआ.रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने और रुपये को स्थिर रखने के लिए ऐसे आयात को सीमित करना जरूरी है, जिनका घरेलू उत्पादन पहले से उपलब्ध है या जिनमें मूल्य संवर्धन कम है.रिपोर्ट में सिगरेट, सिगार, तंबाकू उत्पाद और इनके विकल्पों जैसे हानिकारक उत्पादों के आयात का भी जिक्र किया गया, जिनका आयात 11.6 करोड़ डॉलर से अधिक रहा, जबकि भारत खुद इनका बड़ा उत्पादक है.

### विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में बैंक क्षेत्र की अहम भूमिका: एसबीआई चेयरमैन शेट्टी

**नयी दिल्लीः** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि देश के विकसित भारत दृष्टिकोण को साकार करने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है. बैंक पूंजी जुटाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग देने और वित्तीय समावेशन को गति देने में एक बदलावकारी भूमिका निभाएंगे.उन्होंने बुधवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, ''देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में, हम इस भूमिका के साथ आने वाले अवसर और जिम्मेदारी दोनों को समझते हैं और भारत की विकास आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.''शेट्टी ने बैंक के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, ''हमारी रणनीतिक प्राथमिकताएं 'डिजिटल फर्स्ट, कस्टमर फर्स्ट' दृष्टिकोण को मजबूत करने पर केंद्रित रहेंगी.''उन्होंने कहा कि बैंक अधिक दक्ष और जिम्मेदार बैंकिंग परिवेश बनाने के लिए प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना जारी रखेगा.शेट्टी ने कहा कि पिछला वित्त वर्ष बैंक के लिए एक ऐतिहासिक साल था. ''पिछले वर्षों की गति को बनाये रखते हुए, हमने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अपने बाजार नेतृत्व को मजबूत किया. साथ ही एक प्रौद्योगिकी-संचालित, ग्राहक-केंद्रित वित्तीय संस्थान में अपने परिवर्तन को जारी रखा.''उन्होंने कहा कि परिवर्तन के अगले चरण में सभी श्रेणी के ग्राहकों और चैनल पर अत्यधिक व्यक्तिगत, निर्बाध और सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर ध्यान दिया जाएगा.एसबीआई चेयरमैन ने कहा, '' इसके साथ ही भौतिक रूप से बैंक हमारे संबंध-आधारित मॉडल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा. हमारा प्रयास होगा कि हम अपने शाखा नेटवर्क की ताकत को डिजिटल मंच की गति और सुविधा के साथ एकीकृत करें, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए और बेहतर बैंकिंग अनुभव मिल सके.''बैंक निरंतर नवोन्मेष और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाने, काम में लगने वाले समय में सुधार करने तथा सेवा गुणवत्ता को और बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा.उन्होंने कहा कि परियोजना सरल के तहत शुरू की गई पहल प्रक्रिया पुनर्गठन, मानकीकरण, डिजिटल एकीकरण और स्वचालन एवं कृत्रिम मेधा के अधिक उपयोग के माध्यम से इस परिवर्तन को गति प्रदान करती रहेगी.शेट्टी ने कहा, ''जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हमारा दृष्टिकोण एक भविष्य के लिए तैयार संस्थान का निर्माण करना है जो तकनीकी नेतृत्व को मानवीय विश्वास और व्यावसायिक वृद्धि को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ता है.''

# मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ बाजार, गिरावट के बावजूद निवेशकों को 2.73 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्लीः** सेंसेक्स की मंथली एक्सपायरी के दिन आज घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ. आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी. बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव होता रहा. दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत फिसल कर बंद हुए. आज दिनभर के कारोबार के दौरान मीडिया, पावर और कैपिटल गुड्स सेक्टर में जमकर खरीदारी होती रही. इसी तरह टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए. दूसरी ओर, एफएमसीजी बैंकिंग, आईटी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों की आज लगातार बिकवाली होती रही. ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद कैपिटल गुड्स और पावर सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होने के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 470.84 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया. जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट



कैपिटलाइजेशन 468.11 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.73 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,394 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,275 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,945 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 174 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,980 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,539 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,441 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 69.84 अंक की कमजोरी के साथ 75,939.86 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा. खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 214.98 अंक की मजबूती के साथ 76,224.68 अंक तक पहुंचा. वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 261.49 अंक लुढ़क कर 75,748.21 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 141.90 अंक की गिरावट के साथ 75,867.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 33.35 अंक टूट कर 23,880.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलने के बाद लगातार हो रही खरीद-बिक्री के कारण इस सूचकांक की चाल में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव होता रहा. खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 69.50 अंक की तेजी के साथ 23,983.20 अंक के स्तर तक पहुंचा. वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर यह सूचकांक 55.45 अंक की टूट कर 23,858.25 अंक के स्तर तक गिर भी गया. दिन भर हुई लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी 6.55 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 23,907.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

आज पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 4.16 प्रतिशत, टीएमपीवी 3.98 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.60 प्रतिशत, एटरनल 2.53 प्रतिशत और एनटीपीसी 2.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, ओएनजीसी 4.68 प्रतिशत, आईटीसी 3.22 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 2.60 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.49 प्रतिशत और विप्रो 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने एसईसीएल के कार्य संचालन की समीक्षा की



**नई दिल्लीः** केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने दक्षिण पूर्वी कोयला क्षेत्र लिमिटेड (एसईसीएल) का एक दिवसीय दौरा किया. इस दौरान उन्होंने कंपनी के परिचालन प्रदर्शन, अवसंरचना संबंधी पहलों और भविष्य की विकास योजनाओं की समीक्षा की. कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरे के दौरान कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच राज्य में कोयला उत्पादन, अवसंरचना विकास, रसद संपर्क, ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई. मंत्रालय के मुताबिक इन चर्चाओं का मुख्य लक्ष्य प्रमुख विकास परियोजनाओं में तेजी लाना, परिचालन सुगम बनाना और कोयला उत्पादक क्षेत्रों में आर्थिक विकास एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच में समन्वय को मजबूती देना था. इस मौके पर उन्होंने कोयला क्षेत्र के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिए जा रहे निरंतर समर्थन की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि सहयोगात्मक दृष्टिकोण से राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में राज्य का योगदान और अधिक मजबूत होगा.कोयला मंत्रालय के मुताबिक एसईसीएल मुख्यालय के अपने दौरे के दौरान सतीश चंद्र दुबे ने व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में कोयला के उत्पादन, ढुलाई, गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा, डिजिटलीकरण पहल, पर्यावरण स्थिरता उपायों, कोयला गैसीकरण परियोजनाओं, खदान बंद करने की गतिविधियों, सीएसआर पहल और कंपनी की भविष्य की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई.

मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर एसईसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीश दुहान ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान एसईसीएल ने कोल इंडिया के 100 मिलियन टन के संचयी उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में 26.86 मिलियन टन का सर्वोच्च योगदान दिया है. उन्होंने कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया. इस बैठक में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहान, कार्यात्मक निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और एसईसीएल के अधिकारी उपस्थित थे.

## गोयल ने कनाडा के निवेशकों को स्वच्छ ऊर्जा, एआई क्षेत्र में भागीदारी के लिए किया आमंत्रित




**नई दिल्लीः** तीन दिन के आधिकारिक दौरे पर कनाडा गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को वहां प्रमुख पेंशन कोष, सॉवरेन और संस्थागत निवेशकों के साथ बैठकें कीं.

गोयल ने इन बैठकों में निवेशकों को भारत के साथ स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) डिजिटल ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भागीदारी का न्योता दिया.बैठक में गोयल ने सतत विकास और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय बाजारों में सहयोग को और गहरा करने के अवसरों की तलाश करने का भी आह्वान किया. गोयल ने कहा कि विशेष रूप से सनलाइफ फाइनेंशियल के प्रमुख केविन स्ट्रेन के साथ हुई बैठक में बीमा, सेवानिवृत्ति समाधान, स्वास्थ्य वित्तपोषण और भारत के तेजी से बढ़ते वित्तीय सेवा क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई. कई प्रमुख कारोबारी दिग्गजों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंगस के वी प्रेम वत्स, मनुलाइफ फाइनेंशियल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिलिप विदरिंगटन, सनलाइफ कनाडा के अध्यक्ष और सीईओ केविन स्ट्रेन, टॉरंटो डोमिनियन बैंक समूह के अध्यक्ष और सीईओ रेमंड चुन, नियो परफार्मेंस मैटिरियल्स के अध्यक्ष और सीईओ रहीम सुलेमान और मैक्केन फूड्स के अध्यक्ष और सीईओ मैक्स कोइयून शामिल रहे.

## आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-2 दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू की

**नयी दिल्लीः** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-2 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू कर दी है. अब करदाता ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर आईटीआर-2 ऑनलाइन भर सकते हैं. विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-दो को ऑनलाइन दाखिल करने और एक्सेल सुविधा दोनों उपलब्ध करा दी गई हैं.आईटीआर-2 उन व्यक्तिगत करदाताओं और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा भरा जाता है, जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन उन्हें पूंजीगत लाभ से प्राप्ति होती है.इससे पहले 15 मई को विभाग ने आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू की थी, जिनका इस्तेमाल छोटे और मझोले करदाता करते हैं.

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नई दिल्लीः** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है. हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है. सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में ये चमकीली धातु आज 470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है.भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है.



दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,58,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को भारत आएगा

**नयी दिल्लीः** अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी दल एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है.दोनों देशों की इस बातचीत में अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है.भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति व्यक्त की थी.इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की.इसके बाद, भारतीय पक्ष ने अपने अमेरिकी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बैठकों के लिए 20 से 23 अप्रैल, 2026 के लिए अमेरिका की यात्रा की.

अधिकारी ने कहा, ''चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए, मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम एक से चार जून, 2026 तक भारत की यात्रा करेगी. अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक बीटीए के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है.''

## वैट में कमी की मांग, राजस्थान के पेट्रोल पंप संचालकों की एक जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**जयपुरः** राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार ने ईंधन मूल्य निर्धारण, आपूर्ति की कमी और डीलरों पर की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई से जुड़े उनके मुद्दों का समाधान नहीं किया, तो एक जून से राज्यभर में पेट्रोल पंप संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी भी शामिल है. मंगलवार को एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप और एक जून से पहले बैठक की मांग की.

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने आरोप लगाया कि बार-बार पत्र और ई-मेल भेजने के बावजूद प्रमुख सचिव स्तर पर कोई बैठक नहीं हुई.उन्होंने कहा, सबसे बड़ी समस्या पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होना है. राज्य में कई पेट्रोल पंप रोजाना सूखे पड़े रहते हैं.एसोसिएशन के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों ने मौखिक निर्देशों, व्हॉट्सएप संदेशों और मोबाइल संचार के जरिये ईंधन आपूर्ति पर सीमा तय कर दी है.डीलरों ने आरोप लगाया कि निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन देने वाले पंप संचालकों पर बिक्री निलंबन और नोटिस जारी करने जैसी कार्रवाई की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम और पेट्रोल पंप पर भीड़ बढ़ रही है.एसोसिएशन ने यह भी नाराज़गी जताई कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियां ऊंचे दामों के कारण कमजोर मांग के बावजूद डीलरों पर ब्रांडेड ईंधन बेचने का दबाव बना रही हैं.भाटी ने किसानों को बुवाई सीजन से पहले ड्रम में डीजल आपूर्ति पर लगी पाबंदी पर भी चिंता जताई.

उन्होंने कहा, ये प्रतिबंध मानसून और कृषि कार्यों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं.एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के दौरे और सरकारी रैलियों के दौरान क्रेडिट पर दिए गए ईंधन के बकाया भुगतान का मुद्दा भी उठाया. आरोप लगाया गया कि लाखों रुपये के बकाया अब तक साफ नहीं किए गए हैं, जिससे डीलरों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है.भाटी ने सरकार पर बायोडीजल और बेस ऑयल के अवैध व्यापार पर कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया.एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में पेट्रोल और डीजल पर वैट में कमी शामिल है.भाटी ने कहा, राजस्थान में ऊंचे वैट के कारण देश में सबसे अधिक ईंधन कीमतें हैं. कर दरों को पंजाब के बराबर लाया जाना चाहिए और इसमें कम से कम पांच प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए.उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में सीएनजी की कीमतें हरियाणा और पंजाब से अधिक हैं.

## कोल इंडिया में दो फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, बिक्री पेशकश खुली

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में अपनी दो फीसदी हिस्सेदारी ब्रिकी की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है. ये प्रक्रिया गैर-खुदरा निवेशकों के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) बुधवार को खुल गई. इसके लिए न्यूनतम 412 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है. सरकार को इस बिक्री से लगभग 5,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है. सीआईएल में दो दिन चलने वाली बिक्री पेशकश के तहत सरकार लगभग 12.32 करोड़ शेयर बेच रही है. इसमें एक फीसदी के ग्रीनशू विकल्प को भी शामिल किया है. खुदरा निवेशक इसमें निवेश करने के लिए अब 29 मई को शेयरों के बोली लगा सकेंगे, क्योंकि 28 मई को शेयर बाजार बंद रहेगा.

## स्टॉक मार्केट में पंजाबी अंगीठी की धमाकेदार शुरुआत, मजबूत लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्लीः** पंजाबी अंगीठी के नाम से देश के कई हिस्सों में रेस्टोरेंट चेन चलाने वाली कंपनी वेगोरामा पंजाबी अंगीठी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 77 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 53.38 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 118.10 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली का जोर बन जाने के कारण ये शेयर कुछ ही देर में उछल कर 124 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 47 रुपये यानी 61.04 प्रतिशत का मुनाफा हो गया.

वेगोरामा पंजाबी अंगीठी का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 से 22 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 35.15 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 26.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 63.93 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 27.79 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 49.84 लाख शेयर जारी किए गए हैं. इनमें लगभग 29 करोड़ रुपये के 37.36 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि लगभग आठ करोड़ रुपये के 9.968 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. इसके अलावा मार्केट मेकर पेस स्टॉक ब्रोकिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को लगभग दो करोड़ रुपये के 2.512 लाख शेयर दिए गए हैं. आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नए फाइन डाइन रेस्टोरेंट और




सेंट्रलाइज्ड किचन का निर्माण करने, मौजूदा क्लाउड किचन को अपग्रेड करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 84 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.64 करोड़ रुपये हो गया. इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 8.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 9.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था.

इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई. वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 16.91 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 66.37 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 102.06 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया. पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 105.35 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था.

इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार बढ़ोतरी होती रही. वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 23 लाख रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर चार करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 5.05 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया. पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 3.62 करोड़ रुपये के स्तर पर था.इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई. वित्त वर्ष 2022-23 में ये 1.42 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 6.07 करोड़ रुपये हो गया. इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 14.29 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया. वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ये 10.75 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2022-23 में 1.16 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 6.04 करोड़ रुपये हो गया. इसी तरह 2024-25 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 10.86 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया. वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ये 12.40 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा.

## न्यूज कॉर्नर

### हिस्ट्रीशीटर पर चला बुलडोजर: जयपुर में दो करोड़ का अवैध कब्जा ध्वस्त

**जयपुरः** राजधानी में पुलिस-प्रशासन ने हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुहाना थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर शंकर लुहार का करीब 2 करोड़ रुपये कीमत का अवैध कब्जा ध्वस्त कर दिया. आरोपी पिछले 12 से 13 वर्षों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठा था. पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि बुधवार को मुहाना थाना पुलिस और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की संयुक्त टीम ने डिग्गी रोड स्थित मुहाना मोड़ के पास कार्रवाई की. जेसीबी मशीनों की मदद से कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शंकर पुत्र गोपी गाड़िया लुहार द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया.पुलिस के अनुसार आरोपी ने करीब 200 वर्ग गज सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर रखा था, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये आंकी गई है. शंकर लुहार क्षेत्र में लोगों को डराकर और धमकाकर दहशत का माहौल बनाए हुए था. विरोध करने वालों के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आती रही हैं.पुलिस ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर निकास मार्ग भी बंद कर दिया था, जिससे स्टेट हाईवे पर यातायात प्रभावित हो रहा था और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी. कार्रवाई के दौरान पूरे अतिक्रमण को हटाकर रास्ता खुलवाया गया.मुहाना थाने का हिस्ट्रीशीटर शंकर लुहार के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ 151/110 सीआरपीसी और 129 बीएनएसएस के तहत 7 इस्तगासे भी न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं. वर्ष 2015 में उस पर चोरी और नकबजनी के 10 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2016 में मारपीट का मामला भी सामने आया था.डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है. आपराधिक गतिविधियों से अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर आगे भी कुर्की और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी.

### पानीपत: रेलवे पार्क में मिला युवक का शव,शिनाख्त नहीं हुई

**पानीपतः** पानीपत रेलवे स्टेशन के नजदीक बने रेलवे पार्क में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला है. मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. प्रातः टहलने निकले लोगों ने जब वहां युवक के शव को पड़े देखा तो इसकी सूचना तुरंत जीआरपी थाने को दी सूचना मिलते ही थाना जीआरपी पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है. जीआरपी पुलिस ने बताया कि अभी तक शव की कोई पहचान नहीं हो सकी है. इस लिए अभी युवक के शव को फ्रिजर में रखवा दिया है, ताकि पहचान करने में परिजनों को कोई दिक्कत न आए. थाना जीआरपी एसएचओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह पार्क में शव मिलने की सूचना मिली थी, उन्होंने मौके पर जाकर शव का परीक्षण किया जिसमें शव की कोई पहचान नहीं हो पाई है, इस लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस के फ्रिजर में रखवा दिया गया है. साथ ही शव की पहचान के लिए आस पास के थानों को सूचित कर दिया है.

### पानीपत: कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत दूसरा गंभीर

**पानीपतः** पानीपत के गांव गढ़ी सिकंदरपुर के पास मंगलवार की रात एक कार ने बाइक पर जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी. हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को सिविल अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है. दूसरे युवक की भी हालत नाजुक बनी हुई है. इस मामले में पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप नगर निवासी प्रिंस ने बताया कि वह रिफाइनरी रोड स्थित आरकेजी फैक्ट्री में गया था. जहां पर उसका भाई राहुल काम करता है. जहां पर भाई ने भी उसके साथ घर चलने की बात कही. भाई राहुल व निताश एक बाइक पर चलने लगे. जबकि वह दूसरी बाइक पर उनके पीछे-पीछे चल रहा था. जब वह रिफाइनरी रोड गढ़ी सिकंदरपुर के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही एक गाड़ी ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी.दसे में टक्कर लगते ही भाई राहुल की मौके पर ही मौत हो गई. व निताश नीचे गिर कर बुरी तरह घायल हो गया. जिनकों उसने राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया और निताश को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया. थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि प्रिंस की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. ओर कर चालक की तलाश शुरू कर दी है. ओर बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है.

### सिरसा: बच्चे का अपहरण कर 70 लाख की फिरौती मांगने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

**सिरसाः** सिरसा के बुक विक्रेता के बेटा का अपहरण कर 70 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिले के गांव रामनगरिया निवासी दीपक के रूप में हुई है. शहर थाना प्रभारी बलराज सिंह ने बुधवार को बताया कि सिरसा निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी सुरतगढिया चौक पर किताबों की दुकान है. उसकी दुकान पर चतरगढ़ पट्टी निवासी सौरभ पिछले करीब तीन वर्षों से काम करता था. उसका बेटा सी ब्लॉक स्थित एक ट्यूशन सेंटर में पढने जाता है जिसे सौरभ छोडने जाता था. बीते दिवस भी सौरभ बच्चे को बाइक पर ट्यूशन छोडने जा रहा था. जैसे ही वे सी ब्लॉक क्षेत्र में पहुंचे तो पीछे से आई एक नैनो कार ने बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया.कार से उतरे तीन नकाबपोश युवकों ने सौरभ और बच्चे को जबरन गाड़ी में बैठा लिया तथा उनकी आंखों पर कपड़ा बांध दिया. आरोपियों ने कुछ दूरी पर ले जाकर शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 70 लाख रुपये की फिरौती की मांग की. जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बच्चे को गुमराह करने के उद्देश्य से सौरभ ने साजिश के तहत स्वयं को बेहोश होने का नाटक किया ताकि बच्चे को लगे कि उसे भी बदमाशों ने बंधक बना रखा है.पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य मास्टरमाइंड आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने वारदात को अंजाम देने के लिए पहले बाइक पर सवार होकर रेकी की तथा पीड़ित परिवार के बारे में पूरी जानकारी जुटाई थी. पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है तथा उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाकर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके.

### हादसे में पॉलिटेक्निक छात्र की मौत, तीन घायल

**सोनीपतः** सोनीपतजिले में मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में 19 वर्षीय पॉलिटेक्निक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके चाचा और दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा मुरथल रोड पर गीतांजलि गार्डन के सामने फोर व्हीलर शोरूम के पास हुआ. तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से जा टकराई. टक्कर लगने से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चारों युवक गाड़ी में फंस गए. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर कार के शीशे और दरवाजे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया. वहां से गंभीर हालत के चलते तीनों घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया. मृतक की पहचान गांव तिहाड़ खुर्द निवासी सुधांशु के रूप में हुई है. वह सोनीपत पॉलिटेक्निक में केमिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष का छात्र था. परिवार की आर्थिक मदद के लिए वह रात में ब्लिंकिट में पार्ट टाइम डिलीवरी बॉय का काम भी करता था. परिजनों के अनुसार, ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपने चाचा और दोस्तों के साथ मुरथल खाना खाने गया था. लौटते समय हादसा हो गया.बताया जा रहा है कि सड़क किनारे खराब ट्रक कई दिनों से खड़ा था. प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और कार चालक का नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है. पुलिस ट्रक को सड़क किनारे खड़ा छोड़ने के मामले की भी जांच कर रही है. घायलों में सुधांशु के चाचा प्रदीप और उसके दो दोस्त शामिल हैं. प्रदीप एक निजी विश्वविद्यालय की बस में परिचालक हैं. दोनों दोस्त भी सुधांशु के साथ पॉलिटेक्निक में पढ़ाई करते हैं. तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज रोहतक पीजीआई में चल रहा है.

# मोदी सरकार के 12 साल विकास और सुशासन के स्वर्णिम काल: मदन राठौड़



**जयपुरः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और आत्मनिर्भर भारत के स्वर्णिम काल के रूप में दर्ज हुए हैं. उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश ने ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, तकनीक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है.

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से आमजन को सीधा लाभ मिला है. उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रयान मिशन के जरिए अंतरिक्ष क्षेत्र में नया इतिहास रचा, वहीं ब्रह्मोस और अग्नि जैसी मिसाइलों के स्वदेशी निर्माण से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ी है.

एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का उल्लेख करते हुए राठौड़ ने कहा कि न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर मुहर लगाई है. उन्होंने कहा कि केवल भारत के नागरिकों को ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अधिकार है और अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करना देशहित में नहीं है. उन्होंने विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक बयानबाजी बताते हुए कहा कि अदालत के फैसले के बाद विपक्ष पूरी तरह पराजित हो गया है.भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने स्वदेशी वैक्सीन बनाकर दुनिया के सामने अपनी वैज्ञानिक क्षमता साबित की. वहीं मुद्रा योजना और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ विश्व को शांति और सहयोग का संदेश दे रहे हैं. साथ ही भाजपा राज्यसभा चुनाव की तैयारियों और वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों को भी व्यापक स्तर पर चला रही है.

### कर्मचारियों ने सरकार को दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**जयपुरः** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर प्रदेशभर में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा. कर्मचारियों ने बुधवार को विभिन्न जिलों और विभागों में एक घंटे का सामूहिक कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई. महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत कर्मचारियों ने आरजीएचएस योजना के निजीकरण का विरोध किया. साथ ही समर्पित अवकाश (सरेंडर लीव) के भुगतान पर लगी कथित रोक हटाने, बजट घोषणाओं को लागू करने, संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने तथा 25 सूत्री मांग पत्र को पूरा करने की मांग की.

महासंघ के पदाधिकारी रवि शर्मा, फतेह बहादुर और पवन कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों और सुविधाओं पर लगातार चोट कर रही है.वहीं महासंघ के पदाधिकारी शेर सिंह यादव और देवेन्द्र नरूका ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी.

### नौतपा की भीषण गर्मी पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अपील



**जयपुरः** राजस्थान में नौतपा के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से सतर्क रहने और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है.मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश जारी कर लोगों से लू और तेज गर्मी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां अपनाने का आग्रह किया.मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में भीषण गर्मी का दौर जारी है और तापमान लगातार बढ़ रहा है. ऐसे में सभी नागरिक अपने स्वास्थ्य के साथ परिवार की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें. उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और अस्वस्थ व्यक्तियों को गर्मी से सबसे ज्यादा खतरा रहता है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखा जाए. उन्होंने अत्यधिक धूप में बाहर निकलने से बचने और प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करने का भी आग्रह किया.मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति सेवा, संवेदनशीलता और परोपकार की भावना से ओत-प्रोत रही है. ऐसे कठिन समय में समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए.

उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ, छांव और शीतल जल की व्यवस्था करने में नागरिकों से सहभागिता निभाने की अपील की. मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक सहयोग और सामाजिक सहभागिता से ही भीषण गर्मी के प्रभाव को कम किया जा सकता है.

### सात हजार से ज्यादा बच्चों ने दिखाई प्रज्ञा योग की शक्ति: आंखों पर पट्टी बांधकर किए हैरतअंगेज प्रदर्शन

**जयपुरः** द आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में आयोजित 'अंतःप्रज्ञा उत्सव' में 11 हजार से अधिक बच्चे और अभिभावक शामिल हुए. इस आयोजन में 7 हजार से ज्यादा बच्चों ने 'प्रज्ञा योग' के माध्यम से विकसित एकाग्रता और अंतःप्रज्ञा क्षमता का प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया. राजस्थान के 50 से अधिक बच्चों ने भी इस महा आयोजन में भागीदारी निभाई.कार्यक्रम में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ना, चित्र पहचानना, टिक-टैक-टो खेलना, चित्र प्रतिलिपि बनाना और स्मृति आधारित गतिविधियां कर अपनी क्षमता दिखाई.

आयोजन के दौरान वैश्विक आध्यात्मिक गुरुदेव श्रीरवि शंकर ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में मानव चेतना और अंतःप्रज्ञा का विकास अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि बच्चों तक यह ज्ञान पहुंचा कर मानव विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है.कार्यक्रम में ध्यान, प्राणायाम और भावनात्मक संतुलन के जरिए बच्चों की मानसिक क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया. अभिभावकों ने बताया कि प्रज्ञा योग से बच्चों के आत्मविश्वास, स्मरण शक्ति और एकाग्रता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है.राजस्थान की एशियन गेम्स स्वर्ण पदक विजेता अश्वारोही दिव्याकृति सिंह ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रज्ञा योग से उन्हें प्रतियोगिताओं के दौरान सही निर्णय लेने और घोड़ों के व्यवहार को बेहतर समझने में मदद मिली.

### नेहरू की विदेश नीति अपनाने से ही देश बचेगा : अशोक गहलोत

**जयपुरः** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला. जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि यदि देश को मजबूत और सुरक्षित रखना है तो पंडित नेहरू की विदेश नीति पर वापस लौटना होगा.गहलोत ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई और वर्षों तक जेल में रहकर संघर्ष किया. उन्होंने कहा कि आज देश जिस आधारभूत ढांचे पर खड़ा है, उसकी नींव नेहरू ने रखी थी. गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद बड़े बांध, इस्पात कारखाने, एम्स, आईआईटी और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों की स्थापना नेहरू की दूरदर्शी सोच का परिणाम थी. उन्होंने किसानों, उद्योगों और बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कार्य किए.



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित नेहरू के बाद देश में कई प्रधानमंत्री आए, लेकिन किसी ने भी उनकी विदेश नीति को नहीं बदला. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए कहा कि विदेश मंत्री बनने पर वाजपेयी ने भी कहा था कि देश में नेहरू की विदेश नीति ही जारी रहेगी.गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में भारत की विदेश नीति को लेकर देश चिंतित है. उनका आरोप था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति पहले जैसी मजबूत नहीं रही.अशोक गहलोत ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों में भारत को वैश्विक समर्थन नहीं मिल पाया. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ चीन और तुर्की जैसे देश खड़े नजर आए, जबकि भारत के पुराने मित्र देशों के साथ भी संबंधों में पहले जैसी मजबूती दिखाई नहीं दे रही.

उन्होंने अमेरिका और रूस के संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वैश्विक दबाव बढ़ता नजर आ रहा है. गहलोत ने अमेरिकी नेता डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए जा रहे बयान देश की गरिमा के अनुकूल नहीं हैं.उन्होंने कहा कि भारत को अपनी विदेश नीति में आत्मसम्मान और स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए.पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक और राजनीतिक हालात गंभीर होते जा रहे हैं और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है.गहलोत ने कहा कि आज के दौर में विदेश नीति केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिति और राजनीतिक हालात पर पड़ता है.

### पानी की किल्लत को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबादः** एनआईटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली डबुआ कॉलोनी में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. परेशान महिलाओं और पुरुषों ने बुधवार को खाली ड्रम और बाल्टियां लेकर घरों के बाहर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है. स्थानीय निवासी गीता ने बताया कि कॉलोनी में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों के घरों में पीने तक का पानी नहीं पहुंच रहा. मजबूरी में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि हर साल गर्मियों में पानी की किल्लत से जूझना पड़ता है, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं निकाला गया. गीता ने नेताओं पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में कोई उनकी समस्या की तरफ ध्यान नहीं देता. कॉलोनी में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों के घरों में पीने तक का पानी नहीं पहुंच रहा. वहीं निवासी संदीप ने बताया कि स्थानीय पार्षद को कई बार शिकायत दी जा चुकी है.

### फरीदाबाद में कपड़ा कारखाने में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**फरीदाबादः** पल्ला थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर-बसंतपुर के बीच पुस्ता रोड स्थित एक कपड़ा कारखाने में बुधवार सुबह आग लग गई. आग की चपेट में कारखाने का बड़ा हिस्सा और रखा हुआ कपड़ा जलकर राख हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पल्ला थाना प्रभारी सत्य प्रकाश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. नवीन नगर चौकी इंचार्ज राकेश भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया. आग की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की कई गाडियों को मौके पर बुलाया गया. फायर कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया. करीब चार घंटे तक आग बुझाने का काम चलता रहा. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है. आग इतनी तेज थी कि आसपास के घरों तक उसकी गर्मी पहुंच रही थी. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आसपास रहने वाले लोगों को घरों से बाहर निकालकर सुरक्षित जगह पर जाने के लिए कहा गया. कारखाने के साथ एक पार्किंग का मैदान भी था, जहां कई गाडियां खड़ी थी. पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से अधिकतर गाड़ियों को वहां से हटा लिया गया, लेकिन एक कार को समय रहते नहीं हटाया जा सका. आग की लपटों में आने से वह कार पूरी तरह जल गई. कारखाने के मालिक देवेंद्र अवाना ने बताया कि उनके कारखाने में कपड़ों के थान रखे जाते थे, जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में भेजा जाता था. उन्होंने बताया कि सुबह आग लगी थी. उन्होंने कहा कि आग बुझाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन आग बहुत तेजी से फैल गई और लाखों रुपए का सामान जल गया. देवेंद्र अवाना ने आशंका जताई कि यह आग खुद से नहीं लगी बल्कि किसी ने जानबूझकर लगाई हो सकती है. उन्होंने यह भी कहा कि फायर ब्रिगेड की गाडियां थोड़ी देर से पहुंची, लेकिन बाद में लगातार आग बुझाने का काम किया गया. राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई. फिलहाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है. पल्ला थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर नशे की बड़ी खेप पकड़ी, मेडिकल स्टोर संचालक समेत चार गिरफ्तार

**यमुनानगरः** यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने अवैध नशीली दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3600 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए हैं. मामले में दो युवकों को कार सहित गिरफ्तार किया गया, जबकि जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर संचालक समेत कुल चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत से रिमांड हासिल किया गया है.डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशन में जिले में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में एंटी नारकोटिक सेल को सूचना मिली थी कि यूपी से एक ऑल्टो कार के जरिए प्रतिबंधित कैप्सूल यमुनानगर लाए जा रहे हैं. सूचना के आधार पर एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने कलानौर बॉर्डर पर विशेष नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू की. इसी दौरान संदिग्ध ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 3600 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए. बरामद दवाओं की अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है.पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवकों की पहचान गांव टेही जाट्टान निवासी सूरजभान और रोहित के रूप में हुई है. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि यह खेप चिलकाना निवासी अनस मलिक से ली गई थी, जो मेडिकल स्टोर संचालित करता है और डी-फार्मा डिग्री धारक है. इसके बाद पुलिस ने अनस मलिक को भी गिरफ्तार कर लिया.

# बढ़ती मांग के बीच पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति जारी

**जयपुरः** देशभर सहित राजस्थान में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की मांग में अचानक तेजी आने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटी हुई हैं. इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने अपने व्यापक नेटवर्क और 24 घंटे संचालन के जरिए बाजार में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने का दावा किया है.इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख तथा राज्य स्तरीय समन्वयक मनोज गुप्ता ने बताया कि हाल के दिनों में कई राज्यों में मौसमी कृषि गतिविधियों और कटाई कार्यों के चलते पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर अपेक्षाकृत कम कीमत होने के कारण खुदरा ग्राहकों और संस्थागत उपभोक्ताओं का रुझान भी तेजी से बढ़ा है.



गुप्ता ने कहा कि तेल कंपनियां अपने टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा आउटलेट्स के विशाल नेटवर्क के माध्यम से लगातार आपूर्ति बनाए हुए हैं. आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क और टर्मिनल संचालन टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं, ताकि ईंधन की समय पर सप्लाई और पुनःपूर्ति तय की जा सके.

उन्होंने बताया कि राज्य प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर बाजार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जा रही है. कंपनियां लगातार स्टॉक की स्थिति की समीक्षा कर रही हैं और बढ़ती मांग को देखते हुए लॉजिस्टिक और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया गया है.तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है. उपभोक्ताओं से सामान्य खरीदारी जारी रखने और अनावश्यक रूप से घबराकर अतिरिक्त खरीदारी नहीं करने की अपील की गई है.

मनोज गुप्ता ने नागरिकों से कहा कि ईंधन की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत एजेंसियों एवं तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें. विशेषज्ञों के अनुसार इस समय कृषि कार्यों और कटाई सीजन के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की मांग बढ़ी है. वहीं शहरी क्षेत्रों में परिवहन और वाणिज्यिक गतिविधियों के कारण पेट्रोल और एलपीजी की खपत में भी तेजी देखी जा रही है.

तेल कंपनियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है.

## सुडोकू-59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 3 | 2 | |
| | 7 | 8 | | | | | | 6 |
| 3 | | 4 | | | 1 | 9 | | 8 |
| | 5 | | | 8 | 6 | 4 | | |
| | 1 | | 9 | | 3 | | 7 | |
| | | 2 | 5 | 1 | | | 8 | |
| 2 | | 3 | 4 | | | 7 | | 5 |
| 6 | | | | | | 2 | 9 | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 8 | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आये. उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -58 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 1 | 9 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | 2 | ■ | 3 | |
| | ■ | ■ | ■ | 4 | | | | ■ |
| 5 | | 6 | ■ | 7 | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 8 | | |
| | 9 | | | | | | | ■ |
| 10 | | | ■ | | ■ | | ■ | 11 |
| ■ | | ■ | 12 | | ■ | 13 | | |
| ■ | 14 | | | | ■ | ■ | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | | |

● **बाएं से दाएं**

1. आमद, आना, 3. रोज, प्रतिदिन, 4. फिजूलखर्ची, 5. रुई का पौधा, 7. प्रस्थान, बुद्धि, रवानगी, 8. अधीर, विवश, व्याकुल, 9. सूखा राहत, 10. बिना पर, आधारहीन, 12. शिव, भाजक, 13. बल, शक्ति, 14. आवागमन, 15. गर्मी, ऊष्मा, 16. महात्मा बुद्ध,

● **उपर से नीचे**

1. इस समय, वर्तमान दिन, 2. दुख, विपत्ति, संकट, 3. नियमित होना, 4. विश्वास न करना, 6. मालिक, प्रभु, शासन करने वाली संस्था, 8. भीरुता, असाहस, 9. स्वयं ही, स्वमेव, स्वतः, 11. संवाद, चर्चा, 12. सौ का दस गुणा

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | मा | नि | त | ■ | ■ | अ | न्न |
| नु | ■ | न | ■ | ■ | अ | ला | व | ■ |
| प | रि | वी | त | ■ | प | र | मा | त्मा |
| स्थि | ■ | य | ■ | ■ | ना | ■ | न | ■ |
| त | ल | ■ | या | च | ना | ■ | ना | से |
| ■ | प | ■ | या | ■ | ■ | आ | ■ | वा |
| अ | ल | गा | व | ■ | आ | त्म | ग्ला | नि |
| ■ | पा | म | र | ■ | ■ | ह | ■ | वृ |
| पा | ना | ■ | ■ | अ | प्र | त्या | शि | त |


ACHIEVING EXCELLENCE TOGETHER
RUBY PARK PUBLIC SCHOOL
RUBY PARK PUBLIC SCHOOL
CBSE AFFILIATED | CENTRALLY AIR CONDITIONED | NEAR ALIPORE MINT
KRISHNADAYAL
EDUCATIONAL & RESEARCH ACADEMY
Congratulations
for the outstanding result (2025-2026)
CBSE - CLASS XII BOARD
SAMPRIT DATTA 97 %
DHIRAJ SARAF 94.6 %
ANNESHA DE 94.4 %
PRANAV JHAWAR 94 %
DEBPRATIM GHOSH 93.6 %
AARUSH 93.6 %
SCHOOL AVERAGE 80.18%
PERCENTAGE MARKS 100-90 89-80 79-70 69-60
NO. OF STUDENTS 25 48 55 19
CBSE - CLASS X BOARD
ANVITA YADAV 98.2 %
NILOY BASU 97.6 %
ANUSHKA PAL 97.4 %
TEJAS BHARDWAJ 97.4 %
PRIYANSHU MITRA 97.2 %
RAHINI GUPTA 97 %
SCHOOL AVERAGE 88.08%
PERCENTAGE MARKS 100-90 89-80 79-70 69-60
NO. OF STUDENTS 34 18 8 2
JEE MAIN
SAMPRIT DATTA 99.93%ile
AARUSH 99.48%ile
KABEER AHMED 98.25%ile
RIESHAV GHOSH 96.37%ile
ARSH JOSHI 95.24%ile
ANKIT CHOWDHURY 95.01%ile
SHAPING YOUNG MINDS FOR LIFE, NURTURING EXCELLENCE
Centrally air-conditioned School Campus with air-conditioned Sports arena and an Indoor Swimming Pool.
Specialized support for Competitive Exams like JEE, NEET and CUET and a dedicated career guidance and counselling cell.
ADMISSIONS OPEN
NURSERY TO CLASS XI 2027 - 28
+91 8687 600 600
CAMPUS : P-17 Transport Depot Road, Kolkata 700088
admissions@rubypark.com
www.rubypark.com